Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक - 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -42 सोमवार,12 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

ज्ञान की बातें

जो कान से आंख का काम लेते हैं,वह हर कदम पर धोखा खाते हैं।

-इब्सन-

# भूपेंद पटेल आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**पीएम मोदी भी होंगे शामिल**

**अहमदाबाद,11 दिसम्बर 2022(ए)।** गुजरात में लगातार सातवीं बार बीजेपी ने अपनी सरकार बनाई है। कल (12 दिसंबर) दोपहर प्रचंड जीत के बाद भूपेंद पटेल दूसरी बार मुख्यमंत्री के पद के लिए शपथ ग्रहण करेंगे । उन्हें शनिवार को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया।
पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, केंद्रीय पर्यवेक्षकों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा व अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में विधायकों की बैठक में पटेल को नेता चुना गया। मुख्यमंत्री पद की दूसरी शपथ लेते ही भूपेन्द्र पटेल राज्य की राजनीति में एक नया कीर्तिमान बनाएंगे।



वे पहले ऐसे पाटीदार नेता बन जाएंगे। जो लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण करेंगे। अभी तक यह मौका किसी भी पाटीदार नेता को हासिल नहीं हुआ है। भूपेन्द्र पटेल इसी के साथ अपनी राजनैतिक गुरू आनंदीबेन पटेल से अभी आगे निकल जाएंगे। प्रदेश में लंबे समय तक सक्रिय आनंदीबेन सिर्फ एक मुख्यमंत्री बनी। जब कि उनके करीबी माने जाने वाले भूपेन्द्र पटेल फिर से राज्य की सत्ता संभालेंगे।
सोमवार दोपहर दो बजे होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपाशासित राज्यों के सीएम, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। पटेल के साथ करीब 20 काबीना मंत्री शपथ ले सकते हैं।



## सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ली सीएम पद की शपथ

**भूपेश बघेल ने कहा-आरंभ है प्रचंड**

**शिमला, 11 दिसम्बर 2022(ए)।** हिमाचल में 8 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आये है। जिसमें कांग्रेस को जीत मिली वहीं आज शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। बता दे की हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रविवार, 11 दिसंबर को सुक्खू को शिमला के रिज मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई है। 5 बार के विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री और प्रतिभा सिंह के समर्थन वाले मुकेश अग्निहोत्री ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ले ली है। कांग्रेस नेता मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बता दे की राज्य को पहली बार उपमुख्यमंत्री मिला है।
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान वह काफी रैली की वे स्टार प्रचारक थे। भूपेश बघेल ने ट्वीट करते हुए कहा है की 'आरंभ है प्रचंड'।
सुक्खू के शपथ ग्रहण में कई बड़े नेता शामिल हुए। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,महासचिव रणदीव सुरजेवाला शपथ ग्रहण में शामिल हुए।
कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख रहे 58 वर्षीय सुखविंदर सुक्खू निचले हिमाचल इलाके के पहले कांग्रेस नेता हैं, जो मुख्यमंत्री बन गए हैं। वह प्रेम कुमार धूमल के बाद हमीरपुर जिले के दूसरे ऐसे नेता हैं, जो मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होंगे। कांग्रेस ने हिमाचल विधानसभा चुनाव में कुल 68 में से 40 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर दिया है। मतदान 12 नवंबर को हुआ था और परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए थे।

## मंत्री की सुरक्षा में चूक,10 पुलिसकर्मी निलंबित



**मुंबई ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर में महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल पर स्याही फेंकने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पाटिल की सुरक्षा में चूक के बाद तीन अधिकारियों सहित 10 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। बता दें कि बीआर आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले पर टिप्पणी करने के एक दिन बाद चंद्रकांत पाटिल पर कुछ लोगों ने उनके ऊपर स्याही फेंकी थी।

**फडणवीस ने घटना की निंदा की**

मामले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ये बहुत ही दुखद घटना है। चंद्रकांत पाटिल ने जो बात कही थी उसका अर्थ समझना चाहिए था। उसका अर्थ ये था कि डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर या कर्मवीर भाउराव पाटिल ने कभी भी सरकार से अनुदान मांगकर संस्थाएं नहीं चलाई। उन्होंने लोगों के शिक्षा की व्यवस्था समाज से पैसा खड़ा कर और दानवीर लोगों को साथ में लेकर किया। मगर उनके शब्दों को पकड़कर इस तरह की घटना करना बहुत गलत बात है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा से एक दिन पहले शनिवार को शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने पीएम से महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच जारी सीमा विवाद का रुख स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर अपना रुख साफ करना चाहिए। महा विकास आघाड़ी के नेताओं ने कर्नाटक के मुख्मयंत्री बसवराज बोम्मई के इस बयान की निंदा की है कि महाराष्ट्र के सांसदों और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक से दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इस बीच भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को सीमा विवाद मामले में जल्द फैसला सुनाना चाहिए क्योंकि दोनों राज्यों के बीच स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के मुद्दे सामने आए हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### सिंगल सिगरेट बेचने पर लग सकती है रोक



**नई दिल्ली ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** देश में तंबाकू उत्पादों और अल्कोहल के सेवन पर प्रभावी रोक लगाने की बहुत बार कोशिश की गयी है। वही अब खबरे आ रही है की सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लग सकती है। संसद की स्थायी समिति ने सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। समिति का मानना है कि इससे तंबाकू नियंत्रण अभियान प्रभावित होता है। सिंगल सिगरेट से खपत बढ़ती है। इसी के साथ एयरपोर्ट के स्मोकिंग जोन को बंद किए जाने की सिफारिश भी की है। संभावना है कि आम बजट में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ोतरी हो सकती है।

**लखीमपुर खीरी हिंसाकांड**



### मुख्य गवाह और उसके भाई पर जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी , 11 दिसम्बर 2022(ए)।** यूपी के चर्चित लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य गवाह प्रभजोत सिंह और उसके छोटे भाई सर्वजीत सिंह पर बीती रात तलवार से हमला किया गया। हमले में सर्वजीत के सिर पर गंभीर घाव हुआ है, वहीं प्रभजोत सिंह इस हमले में बाल-बाल बच गए। हमले का आरोप आशीष मिश्रा उर्फ मोनू और उनके करीबियों पर है। हमले को लेकर प्रभजोत सिंह ने कहा कि वह अपने भाई सर्वजीत के साथ तिकुनिया में मुंडन कार्यक्रम में गए हुए थे, तभी मौके पर घात लगाए बैठे तीन लोगों ने पीछे से तलवार से हमला किया। इस हमले में सर्वजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके सिर में कई टांके आए हैं। प्रभजोत सिंह का दावा है कि हमला लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य आरोपी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के करीबियों ने किया है।

## बच्चों के यौन शोषण पर अवश्य मामला दर्ज कराएं:न्यायाधीश चंद्रचूड़

**नई दिल्ली ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बच्चों का यौन शोषण एक छिपी हुई समस्या है क्योंकि चुप्पी की संस्कृति है, इसलिए सरकार द्वारा परिवारों को दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, भले ही अपराधी परिवार का सदस्य ही क्यों न हो।



यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस तरह से कार्य करती है जिससे कभी-कभी पीड़ितों का आघात बढ़ जाता है, इसलिए कार्यपालिका को ऐसा होने से रोकने के लिए न्यायपालिका से हाथ मिलाना चाहिए।
प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि बाल यौन शोषण के लंबित मामलों के मद्देनजर राज्य और अन्य हितधारकों के लिए बाल यौन शोषण की रोकथाम और इसकी समय पर पहचान तथा कानून में उपलब्ध उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करना अनिवार्य बनाते हैं। बच्चों को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बीच का अंतर सिखाया जाना चाहिए।

## मोदी ने मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

**देश में हवाई संपर्क को मिलेगा बढ़ावा**

**पणजी ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोवा में मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला नवंबर 2016 में उनके ही द्वारा रखी गई थी। मालूम हो कि डाबोलिम के बाद यह गोवा का दूसरा हवाई अड्डा है। इंडिगो और गोफर्स्ट जैसी कई एयरलाइंस पहले ही जनवरी से नए हवाई अड्डे से 200 से ज्यादा उड़ानें शुरू करने की योजना की घोषणा कर चुकी हैं। पीएम मोदी के साथ इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे।

**2,870 करोड़ में तैयार हुआ हवाई अड्डा**



लगभग 2,870 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह हवाईअड्डा टिकाऊ बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। बता दें कि नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा गोवा के उत्तरी भाग में स्थित है जो गोवा की राजधानी पणजी से लगभग 35 किमी दूर है। मोपा गांव में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा स्थापित करने के लिए गोवा सरकार को प्रमुख स्वीकृति केंद्र द्वारा मार्च 2000 में प्रदान की गई थी।

**पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा**

हवाई अड्डे के चालू हो जाने से राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यटन उद्योग की जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है। इसमें कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को सीधे जोड़ने वाले प्रमुख लॉजिस्टिक हब के रूप में सेवा देने की क्षमता है।

**गोवा का पुराना एयरपोर्ट नहीं होगा बंद**

इस हवाई अड्डे के लिए मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी की भी योजना है। विश्वस्तरीय हवाईअड्डा होने के नाते, यह लोगों को गोवा घूमने का भी मौका प्रदान करेगा। गोवा में इस नए एयरपोर्ट के साथ ही गोवा के पुराने एयरपोर्ट के बंद होने की अफवाहें भी उड़ी थीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय (स्न्श्व्ह्र) ने हालांकि साफ कर दिया है कि नए (स्न्क्क) एयरपोर्ट की वजह से गोवा के पुराने एयरपोर्ट को बंद नहीं किया जाएगा।

**सिविल एन्क्लेव है पुराना हवाई अड्डा**

गोवा में मौजूदा हवाई अड्डा एक सिविल एन्क्लेव और भारतीय नौसेना से संबंधित एक रक्षा हवाई अड्डा है, जिसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा एक टर्मिनल भवन का रखरखाव किया जाता है। बता दें कि सिविल एंक्लेव एक ऐसा हवाई अड्डा है जिसका उपयोग सैन्य उड्डयन और नागरिक उड्डयन दोनों के लिए किया जाता है।

## चुनाव में मिली हार के कारण बीजेपी अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आज (रविवार को) इस्तीफा दे दिया है। एमसीडीचुनाव 2022 में हार के बाद आदेश गुप्ता ने अपना पद छोड़ दिया है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत हुई है और बीजेपी को आदेश गुप्ता के नेतृत्व में हार का सामना करना पड़ा।
एमसीडी चुनाव में आप ने 134, बीजेपी ने 104, कांग्रेस ने 9 और अन्य उम्मीदवारों ने 3 वार्डों में जीत हासिल की। 2 साल के कार्यकाल के बाद आदेश गुप्ता ने एमसीडी चुनाव में हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया।



बता दें कि आदेश गुप्ता ने 8 दिसंबर की शाम को ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपना इस्तीफा भेज दिया था, जिस पर आज फैसला हुआ है। आदेश गुप्ता का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। अब अगले आदेश तक वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली बीजेपी की जिम्मेदारी दी गई है।
इससे पहले आदेश गुप्ता ने शुक्रवार को कहा था कि एमसीडी का मेयर आम आदमी पार्टी से बनेगा और बीजेपी सदन में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। इसी के साथ आदेश गुप्ता ने बीजेपी की तरफ से मेयर पद पर दावा करने के कयासों पर विराम लगा दिया था। उन्होंने कहा कि आप अगर एमसीडी में भ्रष्टाचार करेगी तो बीजेपी पार्षद इस चीज का विरोध करेंगे।

## सीएम ने डीजे पर लगाया प्रतिबन्ध

**लखनऊ ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** शादी समारोह या अन्य उत्सव के दौरान तेज ध्वनि से बजने वाले डीजे का इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है और इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।



डीजे से ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने डीजे पर प्रतिबन्ध लगाने का फैसला किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के अनुसार हाई डेसिबल संगीत या डीजे बजाने के लिए, मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी, फिर स्थानीय पुलिस स्टेशन और वहां से ट्रैफिक पुलिस के पास फॉर्म ले जाना होगा। प्रपत्र को वापस मजिस्ट्रेट के पास ले जाना होगा, जो अनुमोदन के लिए अंतिम मुहर लगाएगा।

**शराब घोटाला मामला**



## सीएम केसीआर की बेटी कविता के घर पहुंची सीबीआई

**हैदराबाद ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और टीआरएस एमएलसी के. कविता के हैदराबाद स्थित आवास पर आज सुबह सीबीआई की टीम पूछताछ के लिए पहुंची है। दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने आज के. कविता को पूछताछ के लिए समन किया था। लेकिन सीबीआई पूछताछ से पहले टीआरएस कार्यकर्ताओं ने हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित कविता के आवास के आसपास उनके पोस्टर लगा दिए थे। इन पोस्टरों पर लिखा था कि योद्धा की बेटी कभी नहीं डरती।

**छह दिसंबर को पेश होने में जताई थी असमर्थता**

सीबीआई ने इससे पहले छह दिसंबर को टीआरएस नेता कविता को पूछताछ के लिए समन किया था। लेकिन उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए सीबीआई से कोई अन्य तारीख देने के लिए अपील की थी। कविता ने पांच दिसंबर को सीबीआई को पत्र लिखा था। इसके बाद सीबीआई अधिकारियों ने 11 दिसंबर को के कविता के घर पर पूछताछ के लिए पहुंचने का फैसला किया।

**ईडी की रिमांड रिपोर्ट में आया था कविता का नाम**

गौरतलब है कि दिल्ली शराब घोटाले में कथित रिश्वत पर दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक रिमांड रिपोर्ट में के कविता का नाम सामने आया था। इसके बाद कविता ने कहा था कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई ने 25 नवंबर को इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था।

## माणिक भट्टाचार्य के विरोधी भाई के बयान से ईडी को मिले महत्वपूर्ण सुराग

**कोलकाता ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस के विधायक और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के भाई के बयानों से कई सुराग मिले हैं। जिसका उपयोग केंद्रीय अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए कर रही है।
ईडी के सूत्रों ने कहा कि हाल ही में उनके अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान उनके भाई और उसकी पत्नी से कुछ बैंक खातों के संबंध में कथित रूप से घोटाले की कार्यवाही को डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने के संबंध में पूछताछ की।




उन्होंने इस मामले में घसीटने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। हालांकि भट्टाचार्य के दो भाई हैं, लेकिन आगे की जांच के लिए ईडी के अधिकारी उस व्यक्ति का नाम लेने से बचते रहे जिससे उन्होंने उनकी पत्नी के साथ पूछताछ की थी। ईडी ने कहा कि हमारे अधिकारियों ने सबसे पहले उस भाई की पत्नी से पब्लिक सेक्टर के बैंक में छह बैंक खातों के बारे में पूछताछ की जिनमें करोड़ों रुपये जमा किए गए थे और 2020 में एक विशिष्ट अवधि के भीतर निकाले गए थे।

## कर्नाटक के मंदिरों में अब नहीं होगी सलाम आरती

**बेंगलुरु 2022(ए)।** कर्नाटक के कुछ मंदिरों में होने वाली सलाम आरती का नाम बदल दिया गया है। अब इसे संध्या आरती के नाम से जाना जाएगा। यह फैसला हिंदुत्व संगठनों की मांग पर लिया गया। इन संगठनों ने राज्य सरकार से टीपू सुल्तान के नाम पर होने वाले अनुष्ठानों को खत्म करने की मांग की थी, जिसमें सलाम आरती भी शामिल थी। हिंदू मंदिरों की देखरेख करने वाले स्टेट अथॉरिटी मुजरई ने छह महीने पुराने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। माना जाता है कि 18वीं शताब्दी में मैसूर शासक टीपू ने इन मंदिरों में अपनी यात्रा के दौरान आरती का नामकरण किया था।मेलकोट में ऐतिहासिक चालुवनारायण स्वामी मंदिर है। जहां हैदर अली और उसके बेटे टीपू सुल्तान के शासनकाल से हर दिन शाम 7 बजे सलाम आरती (मशाल सलामी) होती आ रही है। स्कॉलर और कर्नाटक धर्मिका परिषद के सदस्य कशेकोडि सूर्यनारायण भट ने इसका नाम बदलने की मांग की थी। भट ने कहा था सलाम शब्द हमारा नहीं टीपू का दिया हुआ है। भट के मुताबिक सलाम आरती कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर, पुत्तूर में श्री महालिंगेश्वर मंदिर, कोल्लूर में मूकाम्बिका मंदिर और कुछ अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में होती है। मांड्या जिला प्रशासन ने इस प्रस्ताव को हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग को सौंप दिया था।



**सभी मंदिरों पर लागू होगा आदेश**

हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) सीएम बसवराज बोम्मई से अंतिम मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम के बाद जल्द ही एक आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा, जिसके बाद न केवल मेलकोट में बल्कि कर्नाटक के सभी मंदिरों में आरती सेवाओं का नाम बदल दिया जाएगा।

## संपादकीय

### संसद में संवाद नहीं ?

मौजूदा सरकार की सोच संभवतः यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए।

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले ही विपक्ष का असंतोष सामने आया। कांग्रेस ने शिकायत की कि इस सत्र की अवधि इतनी छोटी रखी गई है कि उसमें देश के सामने मौजूद जरूरी मुद्दों पर चर्चा का समय नहीं मिलेगा। छोटे से सत्र में पारित कराने के लिए 25 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें दो ऐसे हैं, जिन्हें वित्त विधेयक की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी विधेयकों पर चर्चा के लिए कुल 56 घंटे रखे गए हैं। यानी हर बिल के लिए सवा दो घंटों से भी कम! और फिर दूसरे सवाल हैं, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है। लेकिन सरकार की सोच संभवतः यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। जब दलगत अनुशासन की ऐसी संस्कृति बन गई है कि पार्टियों के अंदर मतभेद की गुंजाइश नहीं बची है, तब विधायी कार्य को लेकर किसी के मन में क्या संशय हो सकता है? अगर पार्टी और सरकार के नेतृत्व ने कोई कानून बनाना सोच लिया और उस पार्टी का संसद में भारी बहुमत है, तो बिल का पारित होना तय है। इस रूप में संसद की भूमिका पर अवश्य ही बहस खड़ी होगी। कभी संसद के सत्र का आम जन के एक बड़े हिस्से को इसलिए इंतजार रहता था कि उसे वहां जन मानस को परेशान कर रहे मुद्दों पर सार्थक चर्चा और उसके आधार पर राजनीतिक आम सहमति उभरने की उम्मीद रहती थी। ऐसी ही उम्मीदों के कारण लोकतंत्र को विमर्श से चलने वाला शासन समझा जाता है। और इसीलिए जब विमर्श और आम सहमति की संभावनाएं खत्म होती दिखती हैं, तो देश के लिए भविष्य के लिए चिंता पैदा होती है। आखिर जन मानस की भावनाएं की जन प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त नहीं होंगी, तो मन का गुबार दूसरे माध्यमों से निकलेगा। फिर संसद का विमर्श सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। अगर जवाबदेही ना हो, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ ही नहीं बचता। बेहतर होगा कि वर्तमान सरकार इन बारीक बातों पर ध्यान दे।

## डिजिटल दुनिया

समय बदला बदली है दुनिया
बना गई डिजिटल दुनिया
हो गई सब सुविधाएं पर
ना जाने खो गया चैन कहां
सुबह सवेरे की गुड मॉर्निंग से लेकर
हर बात हो गई अब डिजिटल
डिजिटल करंसी डिजिटल रिश्ते
खेल रहे हैं सब घर पर
पढ़ाई लिखाई कामकाज
हो गया है सब डिजिटल
आने जाने से बच गया
घर में ही खुला हुआ है दफ्तर
फिर भी बिजी शब्द यारों
है हर किसी के लब पर
ऑनलाइन की दुनिया ने
खत्म कर दिया ऑफलाइन का चक्कर
रात भर खाने की सुविधा
स्विगी ज़मैतो की है चर्चा
घर के खाने में स्वाद नहीं
स्वालंभी होने का अलग ही खर्चा
जितना कमा लो कम पड़ता है
मेरा मेरा हर कोई जपता है
ऑफलाइन से ऑनलाइन का
घर घर में है अपना जलवा
घर के सभी सदस्य
अपने अपने कमरों में बंद पड़े हैं
कसरत को जाते हैं जिम
फिट्नेस की बाते करते
अनुशासन से कोसों दूर
डिजिटलाइजेशन का है भैया
देखो यह आधुनिक दौर
समय बदला बदली है दुनिया
डिजिटलाइज हो गई दुनिया



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

# चुनावः सबके लिए निहित है संदेश

कल ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ विभिन्न प्रदेशों के चुनाव परिणाम आए और एक दिन पहले दिल्ली नगर निगम के परिणाम भी जनता ने देखा। ये चुनाव राजनीतिक समीक्षको के लिए अध्ययन का विषय है तो दलों के लिए आत्मचिंतन का।

गुजरात में लगातार फिर भाजपा जीती है और पहले के रिकॉर्ड तोड़ कर जीती है पर उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली छोड़कर दिन-रात एक करना पड़ा और किसी स्थानीय नेता की तरह रोज कई सभा करनी पड़ीं, अपने सम्मान का हवाला देना पड़ा, लंबे रोड मार्च निकालने पड़े तो मीडिया के सहयोग से चुनाव के दिन को भी प्रचार के लिए उपयोग किया गया। महाराष्ट्र की योजनाओं (उद्योग) को गुजरात ले जाकर उसका फायदा उठाया गया तो विरोधी दल मतदान के दूसरे दिन 5 बजे के बाद 16 या 18 लाख अधिक मतदान होने से लेकर तरह तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। ईवीएम तो हर हारे हुए चुनाव का मुद्दा है ही।

मीमांसा इस बात की भी करनी होगी कि भाजपा की सिर्फ सीट ही नहीं बढ़ी पर पहले से 4 फीसद वोट भी बढ़ा और इसका पूरा श्रेय मोदी जी की मेहनत और रणनीति को तो देना ही होगा। क्योंकि एक खबर ये भी छाई रही कि आरएसएस ने इस चुनाव से दूरी बनाए रखा। हिमाचल का यूं तो अमेरिका की तरह इतिहास रहा है सरकार बदलने का, पर इस बार मोदी जी का ये नारा कि 'बदलाव के भाव को अब बदलें' अगर केंद्र का लाभ लेना हो, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का वहां पूरे समय कैंप करना और मंत्रियों के फौज के साथ आक्रामक अभियान चलाना इस प्रदेश के पहाड़ की सर्दी के भाजपा को गर्मी का एहसास करवा गया।

दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां प्रियंका गांधी को उतार दिया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के अनुभव से सबक लेकर यहां के लिए रणनीति बनाई और स्थानीय मुद्दों के साथ पेंशन को मुद्दा बना कर




एक बड़े वर्ग को अपने साथ जोड़ा। दिल्ली एमसीडी के परिणाम पर बड़ी बहस नहीं है क्योंकि वो मुफ्त में मिलने वाली चीजों का परिणाम है पर केजरीवाल की टोपी में एक कलगी तो और लग ही गई, जहां गुजरात के मत प्रतिशत ने आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता की तरफ पहुंचा दिया। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव पर भी राजनीतिक दलों और समीक्षकों की निगाह थी। यहां शिवपाल सिंह यादव का साथ काम आया और अकेले उनके क्षेत्र से एक लाख से ज्यादा वोट की लीड मिली तथा मनोवैज्ञानिक वातावरण ऐसा बना कि मुख्यमंत्री योगी और उनकी पूरी फौज इस माहौल के आसपास भी नहीं पहुच सकी।

दूसरी तरफ खतौली में भाजपा का मजबूत मतदाता त्यागी समाज भाजपा के खिलाफ चला गया जिससे वहा भाजपा हार गई, जबकि रामपुर में सत्ता और प्रशासन ने वही किया जो लोक सभा उप चुनाव में किया था और जहां चुनाव आयोग अपील करता है कि वोट बढ़ाए। ओडिशा की बात करें तो वहां नवीन पटनायक ने अपना कब्जा बरकार रखा। हां, बिहार में भाजपा की जीत व्यापक गठबंधन के लिए सीख देकर गई है कि जातिगत चीजों के प्रति अति आग्रह बुरा भी साबित हो सकता है। कुल मिलाकर ये चुनाव सभी दलों और नेताओं को अपने-अपने सबक देकर गया है। भाजपा को सबक है की राजनीतिक दल को दल ही रहने दें। इंसानों और कार्यकर्ताओं वाला दल जिसके पास दिल भी हो, भावनाएं भी और सरोकार भी वरना बहुत दिनों तक सिर्फ जुमलों, वादो और मीडिया की पीठ पर चढ़ कर नहीं दौड़ा जा सकता है।

कांग्रेस को तो काफी सबक लेने होंगे क्योंकि वो आज तक विपक्ष की धार और रणनीति से दूर है और लंबी सत्ता के खुमार से बाहर ही नहीं आ पा रही है। राहुल और प्रियंका को उत्तर प्रदेश के लिए वही रवैया अपनाना होगा जो मोदी जी ने गुजरात के लिए अपनाया और अपने पुराने तौर-तरीकों में व्यापक परिवर्तन करना ही होगा।

उत्तर प्रदेश में फिलहाल समाजवादी पार्टी ही दूसरी पार्टी है पर पिछले चुनाव में सीधे आमने-सामने का चुनाव हो जाने और उसी आधार पर वोट पड़ने के बावजूद वो सरकार के खिलाफ की जनता को खुद से नहीं जोड़ पाई और उसके लिए अखिलेश यादव की अपनी कमजोरियां, आत्ममुग्धता, अति आत्मविश्वास इत्यादि कई कारक जिम्मेदार हैं और अब जल्दी उसे उतना अच्छा चुनाव मिलता नहीं दिख रहा है बशर्ते वो खुद में व्यापक बदलाव न ला दे और व्यापकता न अपना ले। उसे अपने खास लोगों को भी सिखाना होगा कि उनका अहंकार या बुरी भाषा और व्यक्तिगत आक्रामकता पार्टी को नुकसान करती है। कुल मिला कर परिश्रम, समर्पण, विनम्रता, जन के लिए सहजता और स्वीकार्यता ही लोकतंत्र का हथियार है।

**-डॉ. सी.पी. राय-**

## महान क्रांतिकारी टंट्या मामा भील का नाम सुन कर कांप जाते थे अंग्रेज'

अंग्रेज गरीबों पर जुल्म ढाते, अत्याचार करते, महीनों की मजदूरी के बदले कौड़ो से पीटते. उनकी हैवानियत यही नहीं रुकती.. वो मजदूरों को रोटी जगह उनके जख्मों पर नमक रगड़ते। कुछ काले अंग्रेज (भारतीय) भी उनका इस कुकृत्य में साथ दे रहे थे. ये अन्याय टंट्या मामा को मंजूर नहीं था. ये एक अकेला क्रांतिकारी ब्रिटिशों की नींद उड़ाने के लिए काफी था.

टंट्या मामा की दांस्ता आत्मप्रेरणा से प्रेरित महान क्रान्तिकारी की गौरव गाथा है उस समय हिंदुस्तानियों के खून पसीने की कमाई को अंग्रेज रेलगाड़ियों में भर कर इंगलिस्तान ले जाते थे, लेकिन ट्रेन पातालपानी (महू) के जंगलों को पार नहीं कर पाती.



टंट्या मामा बिजली की तरह प्रकट होते और लूट का सारा पैसा लेकर अंतर्ध्यान हो जाते. ये पैसा जरूरतमन्दों और गरीबों में बांट दिया जाता.

स्थानीय लोकभाषा में आज भी गीतों में उल्लेख आता है कि कैसे टंट्या मामा बेटियों की शादी के लिए, बीमारों को उपचार हेतु भोजन,कपड़े और मकान हेतु वो सारा पैसा भेंट कर देते थे। अपनी जान दाँव पे लगा कर, अपनों की सेवा करने का इससे बेहतरीन उदाहरण दूसरा नहीं मिलता.

आज की ही तारीख 4 दिसम्बर 1889 को जबलपुर सेंट्रल जेल में टंट्या मामा को फांसी दे दी थी. लेकिन टंट्या मामा को मार पाए वो फांसी का तख्ता आज तक बना नहीं, आज भी टंट्या मामा हमारे दिलों में जिंदा है.

# कटी हुई टहनियां कहां छांव देती है!

### हद से ज्यादा उम्मीदें हमेशा घाव देती है!!

बदलते परिवेश में देश के भीतर पश्चिमी सभ्यता की हवा सुनामी बनती जा रही है।जरा आप गौर करें! क्या सब कुछ बदला बदला नहीं लग रहा है! शाम होते ही गांवों में सियापा घरों में सन्नाटा, उल्लुओं की कर्कश आवाज के बीच सिहरन पैदा करती पछुआ हवा के साथ गुलाबी ठंडक लिहाफ में ज़िन्दगी बन गई बन्धक,मगर आसमान में वही पुराने जगमग करते तारे जो सदियों पहले थे आज भी उनके है वहीं नजारे! लेकिन अब इन्सानी बस्तियों में पहले वाली बात नहीं।

बीरान सुनसान रात में कहीं भी अब नहीं सुनाई देती चौकीदार की आवाज जागते रहो! कहीं नहीं सुनाई देती दरोगा जी के बुलेट की बुलन्द आवाज!,अब गांवों में रात को पुलिस की नहीं होती गश्त! चोर अपराधी भी हो गए है आश्वस्त हैं?बेखौफ अपराध कर हो जाते हैं मस्त! कार्तिक मास में आसमान पर साइबेरियन पक्षियों का पक्ति बद्ध उड़ता हुआ कारवां

जो कभी किसानों के लिए बुआई का सन्देश देता था अब कहीं नहीं दिखाई देता!दरवाजे पर खडरीच पक्षी का आगमन शुभ सन्देश देता था! जब भीषण शीतलहर चलती थी तब भी गन्ना पेराई रातभर चलता था कडाहे में उबलते गुड की सुगन्ध हवा में मिलकर मदमस्त फिज़ा का निर्माण करता था! दरवाजे दरवाजे आग कि ब्यवस्था पालतू जानवरों का सहारा होता था! गजब का नजारा रहता था! पूरी रात गांवों में हलचल रहता! मगर समय का खेल देखिए किसानी का तरीका बदल गया! लोगों का सलीका बदल गया!जीवन पद्धति दुर्गति का कारण बन गयी! भाई चारगी खत्म, आपसी मेल गांवो में होने वाली चिकई,कबड्डी लखनी का खेल! गांवों में बैल कोल्हू से निकलने वाला शुद्ध तेल! सब दिवास्वप्न हो गया!सुबह सुबह बिना घड़ी देखें भी घर का मुखिया आवाज देने लगता भोर हो गया अजान होते ही शोर हो गया! कहीं गाये रम्भाती,कहीं बछड़े चिल्लाते, दरवाजे पर बैलों के गले की घन्टिया अजीब तरह का माहौल बनाती!दरवाजे दरवाजे ढेबरी लालटेन के उजाले में पढ़ते छात्र ,भोरहरी में घर घर चक्कियों से निकलती घर्र घर्र के साथ भजन गाती गृहीणीयो की सुरीली आवाज कभी परवाज चढ़ती थी! अब तो लगता ही नहीं है गांव गांव रहा गया!भारतीय परम्परा भारतीय संस्कृति का लोप हो गया!गांवों का देश कहा जाने वाला भारत बिलासिता के बवंडर में फंस कर अपने मूल का समूल नाश कर दिया है! बाग बगीचे उजड़ गए! पशु पक्षी बिलुप्त हो गए! इतिहास की बात बनकर परिवार संयुक्त हो गएआधुनिकता की चकाचौंध में डोली कहार बारात में द्वाराचार परम्परा खत्म हो गयी! शिष्टाचार से परिवार के सुसंस्कृत होने का फार्मूला बदल गया! शादी बिबाह को जन्म जन्म का बन्धन मानकर औरत को लक्ष्मी स्वरुपात का दर्जा देकर भाग्य के सहारे स्वीकार कर आजीवन निर्वाह की परम्परा अधमरा हो गई?अब तो इस लालची समाज में आज बहुओं को लाने के लिए बेटों की कीमत बताई जा रही! दहेज के लिए किसी की लाडली जिन्दा जलाई जा रही है?।परिवर्तन का दौर है साहब! जिस बेटा को दहेज के नाम पर बेच दिया वहीं बेटा बहू के आते ही महज चन्द महीनों में अपने मां बाप को दिल से निकाल कर फेंक दिया! फिर काहे का पश्चाताप, क्यों करते हो भाई बिलाप! जो बोया है वही तो काटेगा।रिश्ता तो किया नहीं! किया तिजारत! तो फिर किस बात की ढूंढते हो इज्जत ! जब औलाद को बिकने का सामान बना दिया जो खरीद्दार था माकूल कीमत देकर लिया फिर हक कैसा?उसकी दुकान है जिसको चाहे नौकर बना कर रखें या कर दे घर से बाहर !खुद के लिए तबाही की तिजारत करने वाले अपने लिए खुद बर्बादी का गड्ढा खोद रहे हैं।जब की पता है उनको जो कुछ औलाद की बिक्री में मिलेगा उसका उस पर कोई अधिकार नहीं! फिर भी ब्यापार कर रहा है स्वार्थी इन्सान!बदलता समाज में जो आज हो रहा है उसका जिम्मेदार लालची समाज ही है।अदालतो में सम्बन्ध बिच्छेद के मुकदमों की भरमार है!रिश्तों की तिजारत में इज्जत हो रही तार तार है! अब न किसी से किसी का प्यार है! न इकरार है! स्वार्थ के चलते हो रहा तकरार है! आधुनिक समय में अच्छी शिक्षा ही मां बाप को भिक्षा मंगवा रही है! होश सम्हालते ही हास्टल में आया के सहारे जिसने बचपन गुजारा वो कैसे हो सकता है मां बाप का दुलारा!जिस तरह से प्यार दुलार से बन्चित रहकर जीवन संचित किया उसी तरह से वह भी परिवारिक रस्म पूरी होते ही बिरक्ती की राह पकड़ कर आशक्ति के वशीभूत अपनी जिन्दगी में एकाकी ब्यवस्था से दोस्ती बना लें रहा है!जिसने बचपन से आया के सहारे जिया मां बाप को भी आया ही समझ रहा है!जो बीज कोई बोएगा वहीं तो काटेगा भाई।गड्ढा खोदे तुम तो कौन पाटेगा!जिसको संस्कार मिला ही नहीं वह संस्कार से कैसे रहेगा!जस करनी तस भोगहू ताता!वास्तविकता के धरातल पर संस्कार बीहीन परिवार ही आज गुनाहगार साबित हो रहे हैं! जिसने साफगोई से अपनी औलादी फसल को संस्कार के पानी से सींचकर तैयार किया वह परिवार आज भी सुख सम्बृधि की

लहलहाती फसल को काट रहे हैं!

समाज में सत्कर्म सद्भाव, सम्भाव समरसता का सन्देश देकर पुरातन परम्परा,भारतीय मूल्यों के सम्वर्धन,भारतीय संस्कृतियो से सुसज्जित समर्पण का उदाहरण बन रहा है। वक्त के साथ बदलना मजबूरी है!मगर आपने वजूद को भी संरक्षित रखना जरूरी है।

***बहम था की सारा बाग अपना है*!!**
***तूफान के बाद पता चला सूखे पत्तों पर भी हक हवाओं का है**
**-जगदीश सिंह-**

## विपक्षी एकता आर्थिक भी हो

आमतौर पर विपक्षी पार्टियों के बीच राजनीतिक और चुनावी एकजुटता की बात होती है। हर चुनाव से पहले कहा जाता है कि पार्टियां एक दूसरे से सहयोग करें, एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार न उतारें, वोट काटने की राजनीति न करें आदि आदि। लेकिन इस राजनीतिक एकजुटता के साथ साथ आर्थिक एकजुटता भी जरूरी है। देश की कई पार्टियां हैं, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, जिनके पास बड़ा आधार है, संगठन है, नेता हैं लेकिन धन नहीं है। संसाधन नहीं है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद चुनावी चंदे का रास्ता बंद कर दिया गया है। पार्टियों को मिलने वाला चंदा बंद सा है। इलेक्टोरल बांड के सिस्टम से जो चंदा मिलता है उसका 90 फीसदी भाजपा के खाते में जाता है। कॉरपोरेट के ऊपर निगरानी और अंकुश है कि वे विपक्षी पार्टियों को चंदा न दें। जहां विपक्षी सरकारें हैं वहा भी ठेके-पट्टे से कमाई या तो बंद या कम हो गई है क्योंकि केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय हैं। लगभग सभी राज्यों में सरकारों के लिए धन का बंदोबस्त करने वाले कारोबारियों पर छापे पड़े हैं या जांच चल रही है।

ऐसे समय में जरूरी है कि जिन पार्टियों के पास संसाधन हैं वे दूसरी पार्टियों की मदद करें। सिर्फ राजनीतिक मदद या तालमेल पर्याप्त नहीं है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए बेहिसाब संसाधन की जरूरत पड़ेगी। क्या किसी विरोधी पार्टी का दिल इतना बड़ा है कि वह दूसरी पार्टियों के लिए अपना खजाना खोले? ध्यान रहे बिहार में नई पार्टी बनाने से पहले प्रशांत किशोर पदयात्रा कर रहे हैं और नई राजनीति की जमीन तलाश रहे हैं, उन्होंने कई बार कहा कि देश के कई राज्यों में उन्होंने नेताओं और पार्टियों की मदद की तो अब वे लोग उनकी मदद कर रहे हैं। सो, क्या प्रशांत किशोर की मदद करने वाली पार्टियां वैसी ही मदद दूसरी विपक्षी पार्टियों की कर सकती हैं?

सो यदि कोई बड़ा नेता इस बात की पहल करता है कि विपक्षी पार्टियों में एकजुटता बने। सबके लिए विन विन सिचुएशन हो तो साथ में संसाधनों का एक साझा कोष बनवाना भी जरूरी है। भाजपा मीडिया के ऊपर और सोशल मीडिया में बेहिसाब खर्च करती है। वह चुनाव प्रचार में पानी की तरह पैसा बहाती है।

**-हरिशंकर व्यास-**

# पति की क्रूरताःक्यूँ पत्नी पर हाथ उठाते पति ?

जिस देश में बाहरी मामले में लोग आवाज उठाया करते हैं नारे लगाया करते हैं, लेकिन क्या इनके अपने घरो में इस तरह की शांति होती है? सात फेरे लेकर पति-पत्नी दांपत्य जीवन में प्रवेश करते हैं बहुत सारी आकांक्षाओं के साथ अपने जीवन की शुरुआत करते हैं, लेकिन क्या वजह होती है जिसके लिए अत्याचार होना जरूरी होता है! अक्सर पति लोग छोटी छोटी बात के लिए अपनी पत्नी से दुर्व्यवहार करते हैं, उन्हें सताते हैं और कोई ना कोई बहाना बनाकर तिल को ताड़ बनाते हुए अपनी पत्नी पर हिंसात्मक रवैया अपनाते हैं यदि कोई छोटे-छोटे काम के लिए पत्नी अपने पति से कहती है तो बात बात पर गुस्सा करते हैं ये पति लोग और काम के बंटवारे का हिसाब रखने लगते हैं। घर के सामान से लेकर बाहर की जिम्मेदारियां अगर एक महिला निभा रही है और उस पर पति का घर पर बैठे रहना, किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं करना और बेवजह अपनी पत्नी को प्रताड़ित करना यह सभी समस्याएं अधिकतर घरेलू अत्याचार के रूप में सामने उभर की आती है और पत्नियां किसी प्रकार का विरोध करती है तो पति अक्सर बात मारपीट पर लाकर खत्म करते हैं। जब तर्क वितर्क में पुरुष हारने लगते हैं तो वह हिंसा करने लगते हैं अपनी पत्नी के साथ।

घंटो तक लड़ाई झगड़ा, घूंसा मारना, गाली गलौज शुरू हो जाती है। आजकल यह आम बात है अधिकांश पति-पत्नी में अंडरस्टैंडिंग नहीं है बात करने की तमीज नहीं है पुरुष पराई औरत के लिए बस में सीट छोड़कर खड़े हो जाते हैं ऑफिस में अपनी महिला सहयोगी के हमदर्द बन जाएंगे या फिर उनके सामने अच्छा बनने का नाटक बेहिचक करेंगे और घर में काम करती हुई पत्नी दिन रात उनके बच्चों के लिए समय देती रहती है और अपने पति के इंतजार में आँखे फोड़ती, उनकी तमाम जरूरतें पूरी करने के लिए एक ही आवाज पर तैयार रहती है जो घर की हर जिम्मेदारी को संभाले रहती है उनके साथ किसी प्रकार की हमदर्दी या सहानुभूति पति नहीं जताते। कितने अफसोस की बात है पत्नी का पति इस्तेमाल कर रहा है केवल एक नौकरानी की तरह उनका वजूद यह पति बना देते हैं। पत्नियां पति की तरह एक इंसान हैं घर से स्कूल तक बच्चों को पहुंचाना वहां से आकर घर के काम करना उस पर भी चैन नहीं।

अधिकांश पति अपनी पत्नी को गुलाम समझते हैं और सारे काम पत्नियों पर डाल देते हैं भले ही वह बैठकर मक्खी मारते रहे और मक्खी मारना इन्हें मंजूर होता है पर इन पतियों को काम करना मंजूर नहीं! दांपत्य ऐसे नहीं चलता है दांपत्य जीवन का निर्माण स्त्री पुरुष के मेल से होता है अकेला पुरुष या अकेली स्त्री दांपत्य जीवन की खुशियाँ महसूस तक भी नहीं कर सकते है। जब दो विपरीत लिंगी व्यक्तियों के मेल से दांपत्य का निर्माण होता है तो जाहिर है दांपत्य के वजूद को बनाए रखने के लिए उन दोनों में बढ़िया तालमेल की जरूरत होती है तालमेल ना होने पर घरेलू हिंसा होना स्वाभाविक है और फिर यह कलहपूर्ण वातावरण शादीशुदा जिंदगी को बर्बाद कर देता है। यदि



पति अपनी पत्नी की इच्छा का सम्मान नहीं करेगा हर बात पर वाद-विवाद करेगा और उन पत्नियों से वह लात और घूसें से बात करते हैं वह पत्नी का प्रेम नहीं पा सकते। पत्नी पर जो पति हाथ उठाते हैं दरअसल में बहुत ही कमजोर होते हैं डिस्टर्ब होते हैं, पुरुष होने का घमंड उन्हें पत्नी से हारते हुए नहीं देखने देता है फिर वह पत्नी पर हाथ उठा कर उसका मुंह बंद कर देता चाहते हैं, लेकिन क्या पत्नी की इससे जुबान बंद हो जाती है? क्या हारने पर थप्पड़ या घूंसा लगा देना यह उचित है? नामर्दी की ही तो निशानी है पत्नी पीटने की चीज नहीं है! तर्क में हार जाने पर तो पति का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए और अपनी गलती भी कबूल कर पत्नी की प्रशंसा करनी चाहिए कि समय रहते उसने गलत होने का एहसास करा दिया ये मान ले कि उन्होंने अपराध किया है तो आत्मग्लानि से रिश्ते सुधार के आसार दिखते हैं वर्ना यह मार-पीट के अपराध अधिकांश पति बंद कमरे में एक बार नहीं बार-बार दोहराते हैं पत्नी मजबूर होती है तो बर्दाश्त करती है और यदि वह मजबूर नहीं होती है तो पलट कर जवाब भी देती है और फिर घर छोड़कर चली जाती है। जो पति अपनी पत्नी के अपराधी होते हैं उनका वैवाहिक जीवन नर्क से भी बदतर है वह अपनी पत्नी को वश में रखना चाहते हैं उन्हें डरा हुआ महसूस कराना चाहते हैं अपनी हुकूमत चलाना चाहते हैं लेकिन यह भूल जाते हैं कि पत्नी का भी स्वाभिमान होता है उन्हें अपमानित नहीं करना चाहिए। पत्नियों के साथ सुंदर व्यवहार करे पति। यदि फुर्सत हो तो उनका कहना मानिये उन पत्नियों को भी कार्यो से ऊब होती है और ऐसे में उन पत्नियों को आपके सहयोग की जरूरत होती है। आपको शायद यह मालूम नहीं कि स्त्री पति से तभी कुछ कहती है या अपने कार्यों में उसका सहयोग जाती है जब देखती है कि पति फुर्सत में है। व्यस्त पति को वह अपने कार्यों में लगने के लिए भूलकर भी नहीं कहती है उनका कहना ना मानना और उन पर हाथ उठाना दोनों ही दंपत्ति और बच्चों के लिए खतरनाक है गृहस्थी पल भर में ऐसे आचरणों से उजड़ जाती है।

मानसिक रूप से अपनी पत्नी को सताना उन्हें बंद कमरों में तकलीफ देना पत्नी के शरीर पर लगी चोट के निशान यह बयान करते है कि पत्नि हिंसा का शिकार हुई है अपने पति के द्वारा जब यह घाव पत्नी को लगते हैं तो उसको यह शारीरिक चोट के अलावा मानसिक चोट की भी निशानी होती है। जो पत्नियां आदर भाव से अपने पति का सम्मान करती आई है उस पति का यह रूप देख कर वह टूट जाती है फिर उनके सपनों में बसने वाला राजकुमार का सपना वहीं पर चूर-चूर हो जाता है जो सपने पत्नी अपने साथ ससुराल लेकर आती है उन सपनों को तोड़कर वह पति रख देते हैं। बात बात पर अपनी पत्नी पर हाथ उठाना यह कैसा न्याय है? काश! यह बात वह पति समझ सके और अपनी पत्नी पर यह अत्याचार बंद करें तो वैवाहिक जीवन सरलता से बीत जाए लेकिन अहम की भावना पतियों में कूट-कूट कर भरी होती है और वह एकाधिकार जमाने के चक्कर में अपने पत्नी का शोषण कर बैठते है। पता नहीं कब स्वतंत्रता से वह पत्नियां जी पाएंगी जो आज भी सामाजिक कुरीतियों में फंसी हुई हैं घरेलू जिम्मेदारी के आगे अपनी जिंदगी को नेस्तनाबूद कर ली है।



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

## भोले संग कदम...



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर
इन्दौर
मध्यप्रदेश

भोले संग कदम बढ़ाएं हम,
भोले के नित गुण गाएं हम,
जीवन की आपाधापी में,
भोले संग समय बिताएं हम।
भोले संग कदम....
मन के उपज रहे भावों में,
गंगा-सी पावनता भर दें,
सत्य कर्म से इस भूमि की,
उर्वरता में सुंदरता भर दें।
भोले संग कदम.....
मर्म न चोटिल हो किसी जन का,
धर्म-ध्वजा को नित फहराएं,
सप्त-सुरों से हर रज कण में,
बस भोले-भोले की धुन भर जाएं।
भोले संग कदम ...
आने वाले कल की चिंता ,
में अपना ना आज गवाएं,
पास किसी के हो कितना-भी,
हम क्यूं अपना खून जलाएं।
भोले संग कदम...
भोले सबको देने वाले ,
क्यूं अपनों का राग अलापें,
मन की वीणा के तारों में,
बस, संतुष्टि का भाव जगाएं।
भोले संग कदम....
राम-राज्य हो इस धरती पर ,
ऐसे ही हम कर्म करें ,
जन-मन में भर दें मुस्काने ,
भोले भाव संतृप्त करें ।
भोले संग कदम ....

## आसमां तले इच्छा



**प्रियंका पेडिवाल अग्रवाल**
विराटनगर,नेपाल

जाने हजारों इच्छाएं है मेरी
जो आसमां जितनी ऊंची
बाहे पसारे मैं
कुदरत को निहारती मै
अपनी इच्छाओं के
पूरा होने का
इंतजार करती मैं
हर रोज नई
उम्मीद के साथ
आसमां की तरह अनंत
उंचाई तक पंख
फैलाना चाहती मैं
हां जानती हूं मैं कि
कोई अन्त नहीं
परन्तु मेरी चंचल
इच्छाओं का भी
तो कोई ठिकाना नहीं।

## शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं....



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

शासन द्वारा अलॉटमेंट वस्तुओं पर
नज़र रखता हूं
योजनाओं से हड़पकर बाजार में
भेजता हूं
मिलीभगत से माल
बाहर निकलवाता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की
हेराफेरी करता हूं
अनाज सीमेंट सभी पर
नज़र रखता हूं
नीचे से ऊपर तक बात कर लेता हूं
चुपके से बाजार में पहुंचा देता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की
हेराफेरी करता हूं
निजी कंस्ट्रक्शन में
ठप्पे वाला सीमेंट देता हूं
पांच किलो योजना
को भी नहीं छोड़ता हूं
घपले को अनदेखा करनें
छुट्टी पर चला जाता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की
हेराफेरी करता हूं
कंप्लेंट करने वाले को
उल्टा फंसता हूं
ऑफिस में गाली गलौज का
आरोप लगाता हूं
जांच रिपोर्ट अपने पक्ष में करवाता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की
हेराफेरी करता हूं
मिलीभगत चैन को
पूरा खुश रखता हूं
हरे गुलाबी की बारिश करता हूं
हर साल फ्लैट
प्लॉट की रजिस्ट्री करता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की
हेराफेरी करता हूं

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 'मानवाधिकार के संरक्षण के लिए अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका'

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर के विधि विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियां विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल उपस्थित रहे।

विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए मानवाधिकारों की उत्पत्ति तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके महत्तव पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने अपने मानवाधिकारों के संरक्षण में विधि के विद्यार्थियों एवं अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके संरक्षण में आ रही चुनौतियों को विस्तृत रुप से प्रस्तुत किया। जिसपर छात्रों पीयूष



त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, नान सिंह सहित अन्य छात्रों द्वारा पूछे गए विषय प्रश्नों का उत्तर मुख्यवक्ता द्वारा देकर उनकी जिज्ञासा को शान्त किया गया। कार्यक्रम में विधि विभाग की शिक्षक पूनम सोनवानी, डॉ. नईमा क़मर उपस्थित रहीं।

डॉक्टर मिलेन्द्र सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम संचालन पंकज अहिरवार ने किया। विधि विभाग के विद्यार्थियों निराला, आशीष, प्रवीण कुमार, एखलाक, अमनप्रीत कौर, जिया जुनेजा, गौतम गुप्ता, अभिजीत साहू, अंशुमान, कश्मीर, प्रिन्स, आकाश, गुप्तेश्वर द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। मानवाधिकारों से सम्बन्धित विषयों पर विधि विभाग व एनसीसी के छात्रों लीलावती, रश्मि, नीतू, रामप्रताप, पारुल विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा, आस्था, श्वेता, श्रुति, रेशमी, अर्चना, निधि, योगेन्द्र, राहुल, रामप्रकाश, विक्की, इंद्रजीत, ललित, नन्दकुमार, सुमन विश्वास, प्रीतिका खालखो, पूजा राजवाड़े, नगमा, निकिता, खुशबू, ऋषिका, दीपा, बेलापति, गीता, चम्पा, सुमित्रा, रूचि, प्रियंका, खुशबू, किरण, राधिका, नेहा, ज्योति द्वारा रंगोली भी बनाई गई, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा कर उसकी प्रशंसा की गई।

## खाद्य मंत्री अमरजीत भगत संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में होंगे शामिल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत 12 दिसम्बर 2022 को प्रातः 11 बजे निवास स्थान बौरीपारा से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे एवं ऑडिटोरियम में आयोजित संभाग स्तरीय युवा महोत्सव एवं छत्तीसगढ़िया



ओलम्पिक के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। खाद्य मंत्री अपरान्ह 12:30 बजे पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम से बतौली विकासखंड के ग्राम बेलकोटा के लिए प्रस्थान करेंगे एवं हाई स्कूल में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात स्टेट वेयर हाउसिंग के गोदाम का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात बतौली में शासकीय कन्या एवं बालक उच्चत्तर मध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपरान्ह 2:45 बजे सहकारी समिति बतौली में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के पश्चात अपरान्ह 3:30 बजे हाई स्कूल सेदम के लिए प्रस्थान करेंगे। सेदम में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम एवं सहकारी समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री भगत अपरान्ह 4:30 बजे सेदम से ग्राम महेशपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। महेशपुर में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करेंगे एवं सहकारी समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## कीटनाशक सेवन कर वृद्ध ने दी जान

अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एक वृद्ध अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अलिमुद्दीन उम्र 75 वर्ष शहर के हरसागर तालाब के पास का रहने वाला था। वह शनिवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पतल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बाइक से गिरने से घायल युवक की मौत

अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बाइक से गिरने से घायल युवक की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डमरूधर पिता रामअवतार उम्र 26 वर्ष सीतापुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह 8 दिसंबर को अपने साथी संजय के साथ बाइक से ग्राम बनेया गया था। वापस लौटते समय रास्ते में मिशन स्कूल के पास टर्निंग के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दौरान पीछे बैठा डमरूधर डर गया और बाइक से कूद गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अनियंत्रित कार घर में घुसी,12 वर्षीय बच्ची की मौत

वाड्रफनगर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत बरतीकला में रविवार को अनियंत्रित कार सड़क किनार घर में घुस गई। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। वहीं घर के बाहर कुर्सी पर बैठी 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरतीकला में कार क्रमांक यूपी 33 डब्ल्यू 2954 का चलक कहीं जा रहा था। चालक की लापरवाही के कारण कार अनियंत्रित हो गई और बरतीकला निवासी धनंजय जायसवाल के घर में घुस गई। इस दौरान धनंजय जायसवाल की 12 वर्षीय बेटी रिया जायसवाल घर के बाहर कुर्सी पर बैठी थी। कार की चपेट में अपने से बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वहीं कार घर में घुस जाने से चीख पुकार मच गया। परिजन तत्काल निजी वाहन से बच्ची को इलाज के लिए अंबिकापुर अस्पताल में लाए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्राम बरतीकला में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। जहां ठेकेदार द्वारा सड़क पर मात्र गिट्टी बिछा कर छोड़ दिया गया है। जो आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहा है। दुर्घटना के बाद कार चालक के खिलाफ ग्रामीणों का काफी आक्रोश देखा गया। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार को जब्त कर लिया है।

# नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नशीले इंजेक्शन के साथ सरगुजा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रतिक्षा बस स्टैंड के समीप आरोपी नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ जिले में नवा बिहान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी ने नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत प्रतिक्षा बस स्टैंड प्रभारी अभिषे पांडेय को मुखबिर से जानकारी मिली की प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति द्वारा नशे के इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास रखे सफेद रंगे के झोले में 30 नग अवैध नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी मायापुर निवासी रवि कश्यप को गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी आदतन है। पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में जे जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



## सेवा किटी समूह ने महिला ऑटो चालकों व आश्रम के बच्चों के बीच वितरण किए गर्म कपड़े

अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सेवा किटी समूह ने शहर के महिला ऑटो चालकों और कल्याण आश्रम के बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान सेवा किटी समूह द्वारा 15 महिला ऑटो चालकों को स्वेटर एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। समूह के सदसयों ने उनके कार्य की सराहना की। कल्याण आश्रम के बच्चों को भी समूह द्वारा कम्बल व मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर वन्दना दत्ता, नीलिमा गौयल, गायत्री सुल्तानिया, मधु, ज्योति द्विवेदी, नमिता चावला, कुंजबाला जायसवाल, लिलि बसु रॉय, श्रद्धा खेर पाण्डे, अलका इंगोले, चेतना मुंजे का सराहनीय योगदान रहा।

## मानवाधिकार दिवस छात्राओं को दी कई उनके अधिकार की जानकारी

अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

स्थानीय होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ के निर्देशन एवं अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. कल्पना गुहा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने मानवाधिकार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए मर्यादा



,स्वतंत्रता एवं न्याय विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में अपने विचारों को प्रस्तुत करने वाली छात्राओं में प्रथम स्थान पर आफीफा बीएससी अंतिम रही, द्वितीय स्थान पर जान्हवी गुप्ता बीए द्वितीय वर्ष रही, तृतीय स्थान पर दीक्षा प्रजापति एवं खुशी शर्मा बीएससी अंतिम रहीं। निर्णायक मंडल में अकिल अहमद अंसारी, सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर विज्ञान, डॉ. मृदुला सिंह सहायक प्राध्यापक हिंदी एवं अंजू प्रिया टोप्पो सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी रहे। संचालन प्रज्ञा सिंह सहा. प्रा. अंग्रेजी द्वारा किया गया। धन्यवाद खुशी माझी बीएससी अंतिम ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में एक्टिविटी डीन डॉ. कल्पना गुहा का विशेष योगदान रहा।

# हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

» यूपी में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त संचालक स्वस्थ्य सेवाएं डॉ. पीएस सिसोदिया ने छत्तीसगढ़ की ओर से पुरस्कार किया प्राप्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आयुष्मान भारत हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल है। केंद्र ने इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। केंद्र सरकार द्वारा देश भर में प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने की योजना तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर 2022 से पहले 45 सौ हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर विकसित करने का लक्ष्य दिया गया था। स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह



देव की पहल से निर्धारित समय में 48 सौ से ज्यादा वेलनेस सेंटर स्थापित किया गया है। बड़े छोटे सभी सेंटर में एक समान स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की गई है। लोगों को घर के नजदीक ही बेहतर स्वस्थ्य सेवाएं मिल रही है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में संयुक्त संचालक स्वस्थ्य सेवाएं डॉ. पीएस सिसोदिया ने छत्तीसगढ़ की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने इस उपलब्धि पर सन्तोष जताया है। उन्होंने स्वस्थ्य महकमे को बधाई दी। हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण अंचल में स्वस्थ्य सेवाओं में वृद्धि हुई है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अनियंत्रित होकर बाइक सवार बिश्रामपुर के नावापारा खदान में खड़े ट्रेलर के पीछे जाकर टकरा गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुमित सिंह पिता लाल साय उम्र 27 वर्ष बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के कुम्दा का रहने वाला था। वह शनिवार को बाइक से नवापारा खदान गया था। वहां पहले से सड़क पर खड़े ट्रेलर के पीछे अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक जाकर टकरा गया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# उपार्जन केंद्रों में तिरपाल और कैप कवर का समुचित इंतजाम



धान को बारिश से बचाने प्रशासन अलर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बारिश की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान को भीगने से बचाने के लिए सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में तिरपाल और कैप कव्हर की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर सभी उपार्जन केंद्रों में धान को अच्छी तरह तिरपाल से ढका जा रहा है एवं ड्रेनेज भी बनाये गए है। इन व्यवस्थाओं के चलते समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षित रहेंगे।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बारिश की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों में धान को भीगने से बचाने के लिए अधिकारियों को अलर्ट रहने तथा धान को उपयुक्त तरीके से ढक कर रखने के निर्देश दिए गए हैं। हर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर सतत मॉनिटरिंग के भी निर्देश प्रशासनिक एवं नोडल अधिकारियों को दिए गए हैं। समर्थन मूल्य में खरीदे जा रहे धान को बारिश से बचाने जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। अनुभाग एवं समितिवार निगरानी दल लगातार उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाओं में डटे है।

खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया है कि जिले के सभी 47 उपार्जन केंद्रों में धान के सुरक्षित रख-रखाव हेतु आवश्यक व्यवस्था कर ली गई है।

## संभाग स्तरीय युवा महोत्सव एवं छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**संभाग मुख्यालय में 4 दिन तक रहेगी खेल एवं कला-संस्कृति की धूम**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

संभाग स्तरीय युवा महोत्सव एवं छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल प्रतियोगता का शुभारंभ सोमवार को प्रातः 11 बजे से शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के ऑडिटोरियम में होगा। 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक 4 दिवसीय आयोजन में संभाग के जिलों के करीब 5800 प्रतिभागी पारंपरिक खेल एवं कला-संस्कृति में दिखाएंगे प्रतिभा। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया होंगे तथा अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, सीजीएमएससी के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विद्यायक डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, संचालक अपेक्स बैंक श्री अजय बंसल, राज्य मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्दीकी, तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, राज्य कृषक परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, राज्य ऊर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव तथा राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती नीता विश्वकर्मा होंगे।

# चीन ने बनाया अपना नया अंतरिक्ष स्टेशन,अब अमेरिका और रूस जैसी शक्तियों को देगा टक्कर

**बीजिंग, 11 दिसम्बर 2022।** चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास पूरी क्षमताओं वाला एक अंतरिक्ष स्टेशन है जिसका नाम तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन है। यह नासा के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (एसएसएस) का प्रतिस्पर्धी होगा। चीन इस पर काफी सालों से काम कर रहा था। अब कोई भी इंसान चीन के तियांगोंग में भी रह सकता है। वहीं अब अपना स्पेस स्टेशन बनाने के बाद चीन की अमेरिका और रूस जैसी दुनिया की दो शीर्ष अंतरिक्ष शक्तियों के बीच मजबूत उपस्थिति होगी।

एक समय में चीन के छह अंतरिक्ष यात्री एकसाथ

पिछले महीने चीन ने तीन अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष भेजा था जो घंटें में अपने गंतव्य तक पहुंच गए थे, इसके बाद से शेंजू मिशन को काफी सफल माना जा रहा था। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए तीन अंतरिक्ष यात्री वहां पहले से मौजूद दल की जगह लेंगे, जिसने स्टेशन के निर्माण में मदद की है। ऐसा पहली बार था जब चीन के छह अंतरिक्ष यात्री एक ही समय में अंतरिक्ष में थे।

**तियांगोंग पूरी तरह से चीन द्वारा निर्मित और संचालित है**

वहीं इस मिशन के सफल होने के साथ ही, चीन अपना स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन चलाने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया है। बता दें कि 'तियांगोंग' मंदारिन भाषा का शब्द है जिसका मतलब 'स्वर्ग का महल' होता है। अमेरिक के 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन' के विपरीत, तियांगोंग पूरी तरह से चीन द्वारा निर्मित और संचालित है। हालांकि रूस का स्पेस स्टेशन कई देशों के साथ मिलकर बनाई गई परियोजाना है।

### पाकिस्तान इस परियोजना में साथ आ सकता है

तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के तैयार हो जाने पर यह पाकिस्तान जैसे चीन के करीबी सहयोगियों और अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए भी उपलब्ध होने की उम्मीद है। इसके तैयार हो जाने पर चीन एकमात्र देश होगा जिसके पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) कई देशों की सामूहिक परियोजना है।



# लंदन से पाकिस्तान लौटा पीएम शहबाज शरीफ का भगोड़ा बेटा,13 दिसंबर से पहले करना होगा सरेंडर

**इस्लामाबाद , 11 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का भगोड़ा बेटा सुलेमान शहबाज लंदन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद रविवार तड़के स्वदेश लौट गया है। सुलेमान शहबाज पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं। अदालत ने सुलेमान को सरेंडर के लिए 13 दिसंबर से पहले तक का समय दिया है। बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सुलेमान शहबाज की गिरफ्तारी पर शीर्ष अदालत ने फिलहाल रोक लगा दी थी जिसके बाद सुलेमान पाकिस्तान लौटने के लिए तैयार हो गया।



2018 से लंदन में है सुलेमान

सुलेमान 2018 से अपने परिवार के साथ लंदन में था, जब राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एफआईए) ने आम चुनाव से पहले उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए थे। कुछ सुनवाई में उपस्थित होने के बाद उसने पाकिस्तान छोड़ दिया था।वहीं अपनी वापसी से पहले, सुलेमान ने एक बयान में कहा कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ नए राजनीतिक आदेश की सुविधा के लिए फर्जी और हेरफेर के मामले दर्ज किए जाने के बाद उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए पाकिस्तान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था।

सुलेमान के खिलाफ 16 अरब रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

सुलेमान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। हालांकि, अदालत को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में स्रद्ध ने कहा था कि वारंट पर अमल नहीं हो सका क्योंकि सुलेमान अपने पते पर मौजूद नहीं था और विदेश चला गया था। लोअर कोर्ट ने इस साल जुलाई में 16 अरब रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक अन्य संदिग्ध के साथ सुलेमान को भगोड़ा अपराधी भी घोषित किया था।

# 54 बच्चे और छह पत्नियों वाले ट्रक ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत,पीछे छोड़े गए 150 लोगों का परिवार

**इस्लामाबाद, 11 दिसम्बर 2022।** 54 बच्चे और 6 पत्नियों वाले हाजी अब्दुल मजीद मेंगल का बुधवार रात निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका निधन दिल की बीमारी के कारण हुआ है। अब्दुल मजीद मैंगल की उम्र करीब 75 वर्ष थी और वह ड्राइवर थे। अब्दुल मजीद मेंगल अफगानिस्तान से सटे बलूचिस्तान के नोशकी जिले के कली मैंगल गाँव के रहने वाले थे।

मेंगल की फिलहाल 42 बच्चे और चार बीवियां हैं। वहीं उनके 12 बच्चों और दो बीवियों की मौत हो चुकी है। हाजी अब्दुल के बच्चों में 22 लड़के और 20 लड़कियां हैं। पोता-पोतियों को जोड़ लिया जाए तो यह 150 लोगों का भरा पूरा परिवार है। अब्दुल मजीद मेंगल ने 18 साल की उम्र में पहली बार शादी की थी।



अब्दुल मजीद और उनके परिवार के बारे में जानकारी पाकिस्तान में 2017 में हुई जनगणना के मौके पर सार्वजनिक हुई थी। जब अधिकारियों ने पूरी जांच की तो उनके होश उड़ गए थे। हाजी का गांव क्वेटा से 130 किलोमीटर दूर अफगानिस्तान के बॉर्डर के पास है।

# छूट के बाद चीन में कोरोना फिर मचा रहा कोहराम,डर से कारोबार समेट रहे लोग,सख्त दिशानिर्देश जारी

**बीजिंग , 11 दिसम्बर 2022।** चीन में छूट के बाद एक बार फिर से कोरोना ने कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। संक्रमितों की संख्या में खतरनाक तरीके से इजाफा होने लगा है। दुकानों पर दवाइयों के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। शॉर्टेज की वजह से मौजूद दवाइयों और सामान की कीमत बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि कोरोना लॉकडाउन में छूट के बाद बाजार में अचानक भीड़ बढ़ गई जिससे स्थिति और बिगड़ गई। अब चीन सरकार को एक बार फिर से सख्ती बरतनी पड़ रही है। सरकार लॉकडाउन को पुनः लागू करने पर विचार कर रही है।

डर से खुद कारोबार समेट रहे लोग

चीन की राजधानी बीजिंग में दुकानों के लिए रविवार एक सामान्य कारोबारी दिन होता है और यह आमतौर पर हलचल भरा होता है, विशेष रूप से बुटीक और कैफे में लोगों की काफी भीड़ होती है। लेकिन कोरोना के मामलों में बेतहाशा वृद्धि के चलते लोग डरने लगे हैं और खुद से कारोबार समेटने लगे हैं। मॉल में न क बराबर लोग दिख रहे थे इतना ही नहीं कई सैलून, रेस्तरां और खुदरा दुकानें बंद दिखीं।



संक्रमण बढ़ने के बाद कई दुकानों को जबरन भी बंद कराए जा रहे

वहीं संक्रमण के बाद कई दुकानों को जबरन भी बंद किया जा रहा है। भीड़भाड़ वाले जगहों पर कोरोना टेस्टिंग बढ़ा दी गई है। जिस दुकान या प्रतिष्ठान में संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं उस बंद करने के आदेश दिए गए हैं। कई बाजारों में भीड़ कम करने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं कई लोग संक्रमण के डर से घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं।

सरकार ने सख्त दिशानिर्देश जारी किए

शुक्रवार को चीन में कोरोनाा के 13,585 नए मामले मिले थे जिसने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। अब छूट मिलने के बाद यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। सरकार ने इसके लिए सख्त दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। लोगों से घरों में रहने के लिए कहा गया है। बहुत जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकलने के लिए कहा गया है। वहीं लोगों की जांच और तेज कर दी गई है। देश में सैकड़ों क्वारंटीन सेंटर भी बनाए जा रहे हैं।

# राजनयिकों की ज्यादा दिलचस्पी यह जानने में,कौन बनेगा नेपाल का अगला राष्ट्रपति?

**काठमांडू , 11 दिसम्बर 2022।** नेपाल में नई सरकार बनने की चल रही हलचल के बीच यहां मौजूदा विदेशी राजनयिकों की एक खास दिलचस्पी यह जानने में है कि अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा। नेपाल के राजनीतिक दलों के बीच नई सरकार बनाने की चल रही गतिविधियों के बीच राष्ट्रपति पद के सवाल पर भी चर्चा चल रही है। किसी एक दल या गठबंधन को पूर्ण बहुमत ना मिलने के कारण यह तय है कि अगली सरकार कई दलों के समर्थन से बनेगी। उनके बीच पदों का जो बंटवारा होगा, उसमें राष्ट्रपति किस दल को मिलता है, इसको लेकर यहां सियासी हलकों में अटकलों का दौर चल रहा है।



नेपाल के संसदीय आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 275 सदस्यों के सदन में 136 सीटें मिली हैं। इस तरह अगर ये गठबंधन एकजुट बना रहा, तब भी उसे सरकार बनाने और अपना राष्ट्रपति चुनवाने के लिए कुछ छोटे दलों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। नेपाल के संविधान के मुताबिक हालांकि राष्ट्रपति सिर्फ देश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं, इसके बावजूद उन्हें स्वविवेक से निर्णय लेने के कई महत्त्वपूर्ण अधिकार मिले हुए हैं। यहां राजनयिक हलकों में चर्चा है कि राजनीतिक अस्थिरता की परंपरा वाले नेपाल में संसद के कार्यकाल के अंदर ही सरकारें बदलती रहती हैं। इसके बीच राष्ट्रपति ही एक ऐसे अधिकारी होते हैं, जिनके बारे में यह मान कर चला जाता है कि वे पांच साल अपने पद पर रहेंगे। इस तरह अस्थिरता के बीच उन्हें उन्हें एक स्थिरता के पहलू के रूप में देखा जाता है।

चुनाव नतीजे आने के बाद यहां विभिन्न देशों के राजनयिकों की अलग-अलग पार्टियों के नेताओं का साथ लगातार मुलाकात चल रही है। इस दौरान राजनयिकों ने नेताओं से जानना चाहा है कि देश का अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला के करीबी एक नेता ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा- 'राष्ट्रपति का पांच साल का तय कार्यकाल है। इसलिए राजनयिक यह जानना चाहते हैं कि नया राष्ट्रपति कौन होगा। बातचीत के दौरान राजनयिकों ने सलाह दी है कि यह पद वैसे नेता को मिलना चाहिए, जिसे संविधान की गहरी जानकारी हो, लेकिन जो संविधान को लेकर प्रयोग ना करे।

नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद नई व्यवस्था के तहत राम बरन यादव 2006 में पहले राष्ट्रपति बने थे। साल 2009 में उन्होंने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को सेनाध्यक्ष रूकमांगुड कोतवाल को बर्खास्त नहीं करने दिया। उन्होंने कोतवाल को बर्खास्त करने के दहल सरकार के फैसले को पलट दिया था। इससे तब संवैधानिक संकट खड़ा हो गया था। इसी तरह वर्तमान राष्ट्रपति विद्यादेवी भंडारी ने इस वर्ष संसद से दो बार पारित हुए नागरिकता कानून पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक नेपाल में राष्ट्रपतियों की ऐसी राजनीतिक सक्रियताओं ने इस पद में राजनयिकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट) के उप महासचिव चंद्रदेव भट्ट ने कहा- 'नेपाल की राजनीति में विदेशी दिलचस्पी कोई नई बात नहीं है। इसलिए यह संभव है कि फिलहाल उनकी दिलचस्पी अगले राष्ट्रपति को लेकर हो, जो पांच साल तक अपने पद पर रहेंगे। जबकि इस बीच कई प्रधानमंत्री आ और जा सकते हैं।'



# फ्रांस के जर्सी द्वीप पर अपार्टमेंट में धमाका, तीन की मौत,12 से ज्यादा लापता

**सेंट हेलिएर , 11 दिसम्बर 2022।** फ्रांस के जर्सी द्वीप में एक अपार्टमेंट में विस्फोट होने में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग लापता बनाए जा रहे हैं। यह धमाका जर्सी की राजधानी सेंट हेलिएर में हुआ। जर्सी की स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर में शनिवार सुबह एक अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं, इस हादसे के कारण लगभग एक दर्जन अन्य लोगों की कोई जानकारी नहीं है।

आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि धमाके के बाद तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से ढह गई। कई फ्लैट्स से लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि 20 से 30 लोगों को पास के टाउन हॉल में शिफ्ट किया गया है।

स्थानीय मीडिया ने निवासियों के हवाले से बताया कि विस्फोट से कई घंटों पहले गैस की तेज गंध आने के कारण दमकल कर्मियों को बुलाया गया था। विस्फोट के बारे में जानकारी देते हुए जर्सी पुलिस के प्रमुख ने बताया कि घटना वाले इलाके में आपातकालीन सेवाएं राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। स्टेट ऑफ जर्सी पुलिस ने ट्विटर पर ट्वीट करके जानकारी दी कि ÷हॉट डु मोंट, पियर रोड पर आज सुबह विस्फोट के बाद कई निवासी अभी भी लापता हैं। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं और घटनास्थल पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि घटना स्थल पर मलबे में फंसे लोगों को खोजने के लिए और सर्च और बचाव अभियान चल रहा है। वहीं, जर्सी सरकार ने निवासियों से यह भी कहा है कि वे जब तक बिल्कुल आवश्यक न हो आपातकालीन विभाग में न जाएं।

# चीन में राजनीतिक अस्थिरता बरकरार, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व के सामने खड़ी हुईं चुनौतियां

**बीजिंग , 11 दिसम्बर 2022।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल के चुने जाने के बाद भी चीन में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति बनी हुई है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) को नेतृत्व की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दीर्घकालिक शासन, सुधार और आधुनिकीकरण की परीक्षा, अर्थव्यवस्था और बाहरी वातावरण को पुनर्जीवित करना शामिल हैं। एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल प्रकाशित लेख में यह दावा किया गया है।



लेख में कहा गया है कि चीन की जनता का राष्ट्रपति शी के नेतृत्व के साथ-साथ सीसीपी पर भी विश्वास कम हुआ है। इसके पीछे मुख्य कारण भ्रष्टाचार, पार्टी की सत्ता लोभी कार्यशैली और सरकार में जनता की भागीदारी नहीं होना माना जा रहा है। लेख में चीन के केंद्रीय राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग कार्यालय के उप निदेशक लियू हैक्सिंग के हवाले से कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट सरकार के सामने मौजूदा राष्ट्रीय चुनौतियां भविष्य में नई समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

इस लेख में सीसीपी की 20वीं कांग्रेस में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बयान को दर्शाया गया है। जिसके मुताबिक, चीन विकास के पथ आगे बढ़ा है जिसमें अवसर, जोखिम और चुनौतियां मौजूद हैं। हालांकि चीन में अनिश्चितताएं और अप्रत्याशित कारक बढ़ रहे हैं।

# इमरान की पार्टी ने पंजाब-केपीके विधानसभाओं को भंग करने की धमकी दी,शाहबाज का भगोड़ा बेटा वतन लौटा

**इस्लामाबाद , 11 दिसम्बर 2022।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को एक बार फिर चेतावनी दी। पार्टी ने कहा कि अगर 20 दिसंबर तक अगले आम चुनाव की तारीख घोषित नहीं की गई, तो वह पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की विधानसभाओं को भंग कर देगी। पूर्व सूचना मंत्री और पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी ने एक ट्वीट में कहा कि सरकार के नेता चुनाव नहीं चाहते हैं और उन्हें पता नहीं है कि देश को कैसे चलाना है।

उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि देश के मामलों को मंत्रियों की नियुक्ति और विदेश यात्राओं से नहीं चलाया जाता है। अगर पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) 20 दिसंबर तक आम चुनाव कराने का फॉर्मूला नहीं लाता है, तो पंजाब और केपी विधानसभाएं भंग कर दी जाएंगी।

पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट या पीडीएम वर्तमान में देश पर शासन कर रहे राजनीतिक दलों का एक गठबंधन है। इमरान खान की पीटीआई पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांतों में सत्ता में है।



चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान को राजनीतिक स्थिरता चाहिए जो बिना स्थिर सरकार के संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों प्रांतों में आम चुनाव की प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी और पीटीआई को इस मुद्दे पर अपने सहयोगियों पर पूरा भरोसा है। इससे पहले चौधरी ने कहा था कि पंजाब के मुख्यमंत्री पंजाब चौधरी परवेज इलाही ने प्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने की तारीख बढ़ाने का सुझाव दिया था।

इलाही ने 5 दिसंबर को कहा था कि उन्हें अगले चार महीनों में चुनाव होते नहीं दिख रहे हैं। एक निजी समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि चुनाव चार महीने से पहले नहीं हो सकते हैं, संघीय और प्रांतीय सरकारों को काम करने के लिए समय चाहिए और अगले साल अक्तूबर के बाद भी चुनाव में देरी हो सकती है। वर्तमान नेशनल असेंबली का कार्यकाल अगस्त 2023 में समाप्त होगा।

**पाक प्रधानमंत्री का भगोड़ा बेटा वतन लौटा**

इस बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भगोड़े बेटे सुलेमान शहबाज रविवार तड़के वतन लौट आए। वह करीब चार साल से लंदन में रह रहे थे। वे यहां भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करेंगे। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 2018 के आम चुनाव से पहले उनके और उनके परिवार के खिलाफ मामले दर्ज किए थे, जिसके बाद से सुलेमान लंदन में रह रह थे। वह कुछ दिन तो जांच में शामिल हुए, लेकिन फिर लंदन चले गए। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने कुछ दिन पहले सुलेमान की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) और एनएबी के धन शोधन के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी थी।

CMYK

# एयरटेल टावर से बैट्री चोरी मामले में एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 5 गिरफ्तार,चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही

**» चोरी के 3 घंटे के भीतर किया खुलासा, 88 हजार रूपये कीमत के 22 नग बैट्री बरामद**




- संवाददाता -
सूरजपुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम शिवप्रसादनगर निवासी नंदकिशोर शर्मा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.12.22 को यह ड्राईवर और गार्ड के साथ सुबह करीब 3 बजे सिरसी स्थित एयरटेल टावर के जनरेटर में डीजल डालने गये तो देखे कि टावर बाउन्ड्री के अंदर सेल्टर रूम में लगा ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखे तो सेल्टर के अंदर लगा एक्साईड कंपनी का 22 नग बैट्री को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात चोर की पतासाजी सक्रियतापूर्वक कर जल्द पकड़ने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस अज्ञात चोर की सघन पतासाजी करते हुए सूचना तंत्र को एक्टीव कर लगाया। इसी बीच विश्वस्त सूत्र से जानकारी मिली कि ग्राम सिरसी निवासी उमेश सिंह अपने साथी मनीष, विनोद व राजू तथा 1 बालक के साथ मिलकर चोरी किए है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने एयरटेल टावर में लगा बैट्री को बिक्री करने की मंशा से चोरी करना स्वीकार किए। आरोपियों के निशानदेही पर एक्साईड कंपनी का 22 नग बैट्री कीमत 88 हजार रूपये का बरामद कर आरोपी उमेश सिंह पिता स्व. जानसाय उम्र 22 वर्ष, मनीष कुशवाहा पिता अजय उम्र 22 वर्ष, विनोद कुशवाहा पिता स्व. परमेश्वर उम्र 35 वर्ष, राजू यादव पिता रामचरित्र उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम सिरसी, चौकी बसदेई को गिरफ्तार किया गया तथा एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, मानिक दास, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, थॉमस मिंज, आरक्षक अमित सिंह, प्रदीप सोनवानी, सुरेश साहू, देवदत्त दुबे व गोरेश्वर सिंह सक्रिय रहे।



## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने सारासोर का लिया जायजा, चौकी प्रभारी को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

रविवार, 11 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने चौकी चेन्द्रा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित धार्मिक एवं पर्यटक स्थल सारासोर पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम मंदिर में पूजा-अर्चना किया। मंदिर के पुजारी से चर्चा कर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और चौकी प्रभारी का मोबाईल नंबर की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने चौकी प्रभारी को कहा कि नए वर्ष में यहां काफी संख्या में लोग पिकनीक मनाने आते है जिसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी व चौकी प्रभारी चेन्द्रा लवकुमार पाण्डेय, नवलसाय मौजूद रहे।

# संवाद संचार से सुधरता है मानसिक स्वास्थ्य : नैना

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

किसी मनोचिकित्सक द्वारा किसी मानसिक रोगी के साथ सम्बन्धपूर्वक बातचीत एवं सलाह मनोचिकित्सा या मनश्चिकित्सा कहलाती है। यह लोगों की व्यवहार सम्बन्धी विविध समस्याओं में बहुत उपयोगी होती है। मनोचिकित्सक कई तरह की तकनीकें प्रयोग करते हैं, जैसे- प्रायोगिक सम्बन्ध-निर्माण, संवाद, संचार तथा व्यवहार-परिवर्तन आदि। इनसे रोगी का मानसिक-स्वास्थ्य एवं सामूहिक-सम्बन्ध सुधरते हैं।

उक्त बाते नैना यादव (मनोचिकित्सक विद्यार्थी एवं प्रशिक्षु मैट्स विश्वविद्यालय)ने शासकीय उच्चतर विद्यालय लालपुर (एमसीबी) में मानसिक स्वस्थ जागरूकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। विद्यालय में उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए सुश्री नैना यादव ने बताया कि मानसिक तकलीफ जैसे स्ट्रेस, एंजाइटी एवं डिप्रेशन क्या है और उसे कैसे मैनेज करें और अपने आस पास के लोगों कैसे मोटिवेट करे और कैसे उनकी मदद करे एवं उसका क्या उपाय करें। उन्होंने अपना निजी अनुभव बताया कि कैसे माइग्रेन, डायबिटीज,हाई ब्लड प्रेशर जैसी कई बीमारियों से बिना दवाई के, मानसिक चिकित्सा और खानपान से परमानेंट इलाज



किया जा सकता है साथ ही यह भी बताया कि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और खानपान में थोड़ा बदलाव कर के वे कैसे मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने बच्चों को बताया कि पूरा मनोविज्ञान और मनोचिकित्सा की पद्धति जीवन की सार्थकता के विचार पर ही आधारित होती हैं। मनोचिकित्सा शास्त्र में किसी रोगी की बुनियादी दिक्कतों को समझने की कोशिश की जाती है। आधुनिक समाज में हम वास्तविक खुशियों से दूर होते जा रहे हैं तथा सयुंक्त परिवार की अवधारणा लुप्त होती जा रही है एवं एकल परिवार वाद का बोल बाला का प्रचलन बढता जा रहा है आज हमलोग आधुनिकता का सही मतलब नहीं समझते हैं। जीवन के लिए क्या और कितना जरूरी है। क्या गैर-जरूरी है। आंख मूंद कर, तर्क किए बगैर हम चीजों का अनुसरण करने लग जाते हैं। जीवन का लुत्फ उठाना और पीड़ा की उपेक्षा करना ही केवल मनुष्य को प्रेरित नहीं करती है। मनोचिकित्सा भिन्न प्रकार की योग्यताओं से युक्त चिकित्सकों द्वारा अभ्यास में लायी जा सकती है। घर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर की प्राचार्य श्रीमती सुनीता शर्मा रचना पांडे श्रीमती संगीता राय अमित कुमार साहू जय श्री गुप्ता समेत समस्त स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति रही।

# सफलता की कहानीः राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत मिली मदद,अपना जनरल स्टोर हुआ राधना का



**घर-परिवार की देखभाल के साथ ही अच्छी आमदनी भी मिल रही, कमाई से बढ़ रहा मनोबल**

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कहते हैं जहां कुछ कर गुजरने का जज़्बा होता है वहां मुश्किलें भी घुटने टेक देती हैं। ऐसी ही कहानी है विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पसौरी की राधना दीदी की। पसौरी की रहने वाली राधना को घरेलू काम-काज से फुर्सत नही मिलती थी, 10 सदस्यीय परिवार में अतिरिक्त आमदनी की बहुत आवश्यकता थी।

राधना बतातीं हैं कि पिछले कुछ समय से अपना खुद का कुछ काम शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन आर्थिक स्थिति उतनी मजबूत नहीं होने के कारण काम शुरू करने के लिए पूंजी की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। जैसे ही राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत आजीविका शुरू करने की जानकारी मिली, ग्राम के एकता महिला स्व सहायता समूह से जुड़कर मंजिल की ओर अपना कदम बढ़ाया।

वे आगे बताती हैं कि इस समूह में 10 महिला सदस्य हैं बिहान के अंतर्गत पीआरपी दीदियों के द्वारा हमें आजीविका गतिविधियों हेतु मार्गदर्शन दिया गया, जिससे सभी अपने-अपने सुविधा अनुसार गतिविधि का चयन कर आज सफलतापूर्वक संचालन कर रहीं हैं। मैंने जनरल स्टोर शुरू करने की इच्छा जाहिर की, तो मुझे ग्राम संगठन के द्वारा सीआईएफ की राशि 60 हजार रुपए प्राप्त हुए। इन पैसों से मैंने पिछले साल घर पर ही जनरल स्टोर शुरू किया जिससे मुझे प्रतिमाह 4 से 5 हजार रुपए तक का लाभ मिल रहा था। बिहान से मिली मदद से एक आधार बन गया तो दुकान को बड़ा करने का सोचा। अब 10 हज़ार तक का अच्छा फायदा हो रहा है। वे कहती हैं कि घर पर ही दुकान होने से दुकान संचालन के साथ घर-परिवार की देखभाल भी हो जाती है।

उन्होंने बताया कि दुकान के लिए सामान वगैरह मनेन्द्रगढ़ में आसानी से मिल जाता है, इस त्यौहारी सीजन में अच्छी बिक्री हुई, जिससे मनोबल और बढ़ा है। अच्छी आमदनी से मैं और पूरा परिवार बहुत खुश हैं, अब परिवार की अतिरिक्त आवश्यकताएं, बच्चों की पढ़ाई के खर्च की चिंता से राहत भी मिली है।

# प्रधानमंत्री आवास के 6 हजार 651 हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए 20 करोड़ 30 लाख रूपए जारी

**» आवास बना चुके 2 हजार 575 हितग्राहियों को अंतिम किष्त में दिए गए 2 करोड़ 91 लाख रूपए**

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पक्के आवास के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साढ़े छ हजार से ज्यादा हितग्राहियों के पक्के आवास का सपना पूरा होने वाला है। कोरोना काल से लंबित पड़े आवासों को पूर्ण करने के लिए राज्य षासन से कोरिया एवं एमसीबी जिले के पांचों जनपद पंचायतों के कुल 6 हजार 651 हितग्राहियों को 20 करोड़ 91 लाख रूपए जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक जाति जनगणना 2011 के तहत गरीबी रेखा सूचकांक में वंचित सूची के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को पक्के आवास बनाने के प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत राषि प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोरिया एवं एमसीबी जिले में कुल 28 हजार 31 हितग्राहियों को पक्के आवास निर्माण करने के लिए एक लाख 30 हजार के मान से अनुदान राशि सीधे खातों में प्रदान की जा रही है। अब तक इनमें से कुल 21 हजार 530 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का सीधा लाभ लेते हुए अपने पक्के आवास बना लिए हैं। कुछ समय पूर्व हितग्राहियों को दूसरी व तीसरी किष्त प्रदान की गई थी। एक बार फिर आवास पूर्ण कर चुके 2 हजार 575 हितग्राहियों को राज्य षासन द्वारा अंतिम किष्त के रूप में कुल 2 करोड़ 91 लाख रूपए सीधे हितग्राही के खातों में हस्तांतरित किए जा रहे हैं।







प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का जनपदवार आंकड़ा देते हुए जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि हितग्राही को चार चरणों में अनुदान प्रदान किया जाता जिसमें प्रथम किष्त स्वीकृति के पष्चात हितग्राही के खाते में प्रदान की जाती है। इसके बाद प्लिंथ लेबल पर कार्य की जियो टैगिंग होने के बाद द्वितीय किष्त तथा छत स्तर पर हितग्राही के आवास की जियो टेगिंग होने के बाद तीसरी किष्त प्रदान की जाती है। कार्य की पूर्णता होने पर हितग्राही को अंतिम किष्त प्रदान की जाती है। वर्तमान में कोरिया जिले के जनपद बैकुण्ठपुर में कुल 5139 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जा रहा है। इनमें से अब तक कुल 3432 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में कुल 1 हजार 854 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके आवास निर्माण प्रगति के जियो टैगिंग के अनुरूप वर्तमान में 6 करोड़ 23 लाख रूपए दिए जा रहे हैं। साथ ही सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत कुल 880 हितग्राहियों को 1 करोड़ 91 लाख 80 हजार रूपए खातों में प्रदान किए जा रहे हैं। कोरिया जिले के अलावा अब एमसीबी जिले में षामिल जनपद पंचायत खड़गंवा में कुल 1 हजार 421 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ 68 लाख 80 हजार रूपए प्रदान किए जा रहे है। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में कुल 994 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 करोड़ 93 लाख 30 हजार रूपए प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत अब कुल 1 हजार 502 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ 53 लाख 80 हजार रूपए प्रदान किए जा रहे है। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि इस संबंध में सभी जनपद पंचायतों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को निर्देषित किया गया है कि तकनीकी सहायकों व ग्राम रोजगार सहायकों की मदद से सभी हितग्राहियों के आवास पूर्ण कराने में आवष्यक सहयोग प्रदान करते हुए आवास पूरा करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें। ताकि जल्द से जल्द सभी को पक्के आवास का लाभ मिल सके।

# जिले में 30 हजार अकुशल श्रमिकों को मिल रहा मनरेगा में रोजगार,रोजगार उत्सव से बढ़ी जागरूकता

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत 30 हजार से ज्यादा अकुषल श्रमिकों को निरंतर रोजगार प्राप्त हो रहा है। खेती किसानी से खाली होकर बड़ी संख्या में अकुषल श्रमिक अब महात्मा गांधी नरेगा के कार्यस्थलों पर अकुषल श्रम कर रोजगारमूलक कार्यों में जुट गए हैं। इसके लिए जिला पंचायत कोरिया से अधिकारियों की टीम सतत निरीक्षण व पर्यवेक्षण करते हुए योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि राज्य शासन के निर्देश पर निर्धारित लेबर बजट के अनुसार मनरेगा योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को 100 दिन का निश्चित अकुशल श्रम प्रदान करने के लिए लगातार रोजगार मूलक कार्य कराए जा रहे हैं जहां काम की मांग करने वाले श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि कोरिया जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत औसतन प्रतिदिन 30 हजार से ज्यादा अकुषल पंजीकृत श्रमिक रोजगार पा रहे हैं इसमें आधी संख्या महिला श्रमिकों की भी है। उन्होने आगे बताया कि राज्य के निर्देशानुसार मनरेगा के प्रावधानों के अनुरूप प्रति माह की सात तारीख को कार्यस्थल पर ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्राम रोजगार दिवस को रोजगार उत्सव की तरह मनाया जा रहा है।




इसके तहत सात तारीख को ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर या फिर ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में अकुशल श्रमिकों की समस्याओं और मांगों को लेकर दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है। इससे जागरूकता में वृद्धि हुई है और अब ज्यादा से ज्यादा कार्य की मांग श्रमिकों के द्वारा दर्ज कराई जा रही है।

जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि सात तारीख को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में मनाए जा रहे रोजगार उत्सव के दौरान अकुषल श्रमिकों के काम की मांग दर्ज की जा रही है साथ ही उनके जाब कार्ड अद्यतन करने का कार्य भी ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर बैंक सखी के माध्यम से भुगतान की भी व्यवस्था कराई जा रही है ताकि यदि किसी श्रमिक को अपने आधार लिंक खाते से कोई रकम निकालनी हो तो उसे बैंक के चक्कर ना लगाने पड़ें। गत दिवस भी कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर व सोनहत तथा एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, खड़गंवा और भरतपुर की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस को रोजगार उत्सव की तरह मनाया गया और योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग दर्ज की गई। सभी जगहों पर जाब कार्ड के अद्यतनीकरण का कार्य किया गया तथा कुछ जगहों पर बैंक सखी के माध्यम से पेमेंट भी कराया गया। विदित हो कि वर्तमान में कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत की 80 ग्राम पंचायतों में 7 हजार से ज्यादा श्रमिक मनरेगा में रोजगार मूलक कार्यों में संलग्न हैं। इसी तरह जनपद पंचायत सोनहत की 33 ग्राम पंचायतों में 5 हजार 355 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। एमसीबी जिले के खड़गंवा जनपद पंचायत अंतर्गत 57 ग्राम पंचायतों में 5 हजार 538 श्रमिक तथा मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत 69 ग्राम पंचायतों में 6 हजार 308 श्रमिक तथा भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत 68 ग्राम पंचायतों में 7 हजार 328 मनरेगा श्रमिक रोजगार मूलक कार्यों में नियोजित किए गए हैं। जिला पंचायत सीइओ ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों और कार्यक्रम अधिकारियों को मनरेगा कार्यस्थलों पर निरंतर मानिटरिंग करने व सभी श्रमिकों को निर्धारित समय में मजदूरी भुगतान कराए जाने के निर्देष दिए हैं।

## कमिश्नर डॉ अलंग का दौरा कार्यक्रम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

संभागायुक्त डॉ संजय कुमार अलंग आगामी 14 दिसम्बर 2022 को सूरजपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। कमिश्नर इस दिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही जिले के राजस्व अधिकारियां की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक पश्चात अम्बिकापुर लौट आएंगे।

15 दिसम्बर को अम्बिकापुर में राज्य योजना आयोग की संभाग स्तरीय सतत विकास लक्ष्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात कमिश्नर कार्यालय में कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्यों का संपादन के पश्चात अपरान्ह 4 बजे सड़क निर्माण एवं सुधार की बैठक लेंगे। 16 दिसम्बर को सरगुज़ा संभाग के कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्यों का संपादन करेंगे। कमिश्नर 17 दिसम्बर को सूरजपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दिन वे सूरजपुर जिले में विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। डॉ अलंग 19 दिसम्बर को सूरजपुर जिले में सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल होने के पश्चात बिलासपुर जिले के लिए रवाना होंगे।

# रामानुजगंज नगर पंचायत की कारिस्तानी

## कड़ाके की ठंड में भी नहीं जलवाए जा रहे नगर में अलाव

- पृथ्वीलाल केशरी -
रामानुजगंज 11 दिसम्बर 2022 (घटती घटना)

इन दिनों ठंड जोरों पर है। इससे बचाव के लिए लोग विभिन्न जतन कर रहे हैं। 10-12 दिनों से सर्दी के प्रकोप से जहां सुबह व रात का पारा काफी नीचे आ गया है वहीं दिन का तापमान भी 15 डिग्री तक आ पहुंचा है। इन सर्द हवाओं व कंपकंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए अभी तक नगर पंचायत ने नगर में कहीं भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है। जबकि शासन-प्रशासन को ठंड शुरू होते ही अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए थीं।

### कूड़ा-करकट जला रहे हैं लोग

नगर पंचायत के द्वारा नगर में अलाव जलाने के लिए कहीं भी लकडियों का इंतजाम नहीं किया गया है। इस कारण लोग अपने स्तर पर कूड़ा-करकट बीनकर अलाव जलाकर सर्दी से बचने के जतन कर रहे हैं। इसमें लोग प्लास्टिक तक जला




रहे हैं,जो पर्यावरण में जहरीला धुआं छोड़ रही है। कुछ स्थानों पर बेकार पड़े टायरों को भी जलाकर ठंड भगाई जा रही है जो बदबू के साथ पर्यावरण पर विपरीत असर डाल रहे हैं।

### क्या अलाव के लिए भी चाहिए कलेक्टर का आदेश

रामानुजगंज नगर पंचायत के सीएमओ एवं परिषद के लोगों को नगर में अलाव जलाने के लिए क्या कलेक्टर के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। नगर के मुख्य चौराहों गरीब बस्तियों अस्पतालों बस स्टैंड प्रतीक्षालय सहित कहीं भी अभी तक अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि तापमान में लगातार गिरावट के कारण लोग ठंडो से ठिठुर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से अपने निजी काम को लेकर आ रहे लोगों को कभी कभार नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज में स्थित प्रतीक्षालय में कभी रुकना पड़ जाए तो उनको अपने सहारे ही रात गुजारना पड़ता है यदि इस दरमियान किसी की मौत हो जाए तो इसका जिम्मा क्या नगर पंचायत अपने मथे लेगा या जांच के नाम पर लीपापोती कर देगा। नगर पंचायत की ओछी हरकतों के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि किसी को जान गवाने के बाद ही अलाव का व्यवस्था शायद किया जाएगा।

# प्राप्त राशि के विरुद्ध कार्य पूर्ण तो पीएम आवास के अगले अंतिम किस्त की राशि सीधे आपके खाते में हस्तांतरित

- संवाददाता -
सूरजपुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

योजना अंतर्गत संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की अध्यक्षता में आयोजित जिले के समस्त जिला समन्वयक एवं सहायक अभियंता की समीक्षा बैठक दिनांक 07/12/22 को आरटीसीआरटी, झांज, नवा रायपुर में आयोजित हुई। जिसमें प्रत्येक जिले की विस्तृत समीक्षा हुई। संचालक महोदय ने बताया कि वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2016-20 तक के निर्माणाधीन/पूर्ण आवास के हितग्राहियों को राशि जारी करने के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध है। जिस भी हितग्राही ने दिए गए राशि के विरुद्ध कार्य पूरा करा लिए है, उन्हे तत्काल अग्रिम राशि जारी करें। राशि जारी करने में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2020-21 के 1,57,000 स्वीकृति प्राप्त आवास के हितग्राहियों को जल्द ही प्रथम किस्त की राशि जारी की जानी है। जिले इस संबंध में आवश्यक तैयारी रखें साथ ही वित्तीय वर्ष 2021-22 में 80,000 नए आवासों का लक्ष्य जिलों को प्राप्त होगा.

# भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने राजस्व मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

- संवाददाता -
कोरबा, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करने के दौरान कहा कि कोरबा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मित्रों एवं नजदीकी रिश्तेदारों की जमीन उनके द्वारा बताए जा रहे नए ट्रांसपोर्ट नगर के प्रस्तावित स्थल बरबसपुर के आसपास खरीदी गई है और नए ट्रांसपोर्ट नगर के बरबसपुर में शिफ्ट हो जाने से उन जमीनों की वैल्यू काफी बढ़ जाएगी जिसे काफी काम मूल्य में उनके करीबियों के द्वारा खरीदा गया था । इसलिए मंत्री जयसिंह अग्रवाल जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर को शिफ्ट करने की बात कर रहे हैं । भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने राखड़ डंपिंग के मामले में मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अशोभनिय तरीके से अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमका रहे हैं के बात पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने जोरदार निंदा की। उन्होंने कहा के कोरबा जिले के पूर्व जितने भी जिलाधीश रहे उनसे मंत्री जयसिंह अग्रवाल अपना काम न निकल पाने की वजह से उनके ऊपर अमर्यादित टिप्पणी कर रहें हैं। वर्तमान जिलाधीश जिस प्रकार से अच्छे कार्य करने की कोशिश कर रहे हैं उनके विरुद्ध भी मंत्री का आरोप लगाना उनकी कुंठा को दर्शाता है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस क्षेत्र में राखड़ डंपिंग की जा रही है, उस क्षेत्र में संबंधित विभाग के द्वारा 74 एकड़ के आसपास जमीन राखड़ डंपिंग हेतु ही आवंटित की गई है और इसी जमीन में से 42 एकड़ जमीन पर नया ट्रांसपोर्ट नगर प्रस्तावित है एवं असलियत यह भी है के मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करीबी पार्षद एवं कांग्रेस नेताओं के द्वारा ही राखड डंपिंग का ठेका लिया गया है और उस क्षेत्र में राखड़ डंपिंग करवाई जा रही है । अब जबकि प्रशासन द्वारा झगराह में ट्रांसपोर्ट नगर की तैयारी की जा रही है तो ज़िले के विधायक एवं प्रदेश राजस्व मंत्री को 14 वर्षों बाद राखड़ प्रदूषण से ज़िले की जनता का स्वस्थ्य पर हो रहे दुष्प्रभाव की चिंता सताने लगी है । यही कारण है के, वे राखड़ डम्पिंग को मुद्दा बनाकर प्रशासनिक अधिकारीयों पर आगबबूला हो रहे है।

# भाजपा अध्यक्ष राजीव सिंह प्रशासन के एजेंट की तरह कर रहे काम,उनका अपना कोई एजेंडा नहीं

- संवाददाता -
कोरबा, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।




महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जिला प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान कहा के भाजपा अध्यक्ष राजीव सिंह प्रशासन के एजेंट की तरह काम कर रहे, उनका अपना कोई एजेंडा नहीं द्व उन्होंने कहा के भाजपा शासन के दौरान कोरबा शहर में भारी वाहनों के बढ़ते दबाव उससे होने वाले प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटनाओं से कोरबा की जनता को निजात दिलाने के उद्देश्य से कोरबा शहर से बाहर नये ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने की परिकल्पना की गयी थी । वर्ष 2016-17 में तत्कालीन सांसद बंशीलाल महतो एवं तत्कालीन कलेक्टर मोहम्मद अब्दुल केसर की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यापक बैठक आयोजित की गई थी द्व इस सर्वदलीय बैठक में कोरबा के विधायक व वर्तमान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रूमगरा में नया ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था । बैठक में अंततः डॉ. बंशीलाल महतो ने बरबसपुर को ही प्राथमिकता दी और सर्वसम्मति से इस स्थान को चयनित कर लिया गया। भाजपा शासन काल में ही बरबसपुर में ट्रांसपोर्ट नगर को स्थापित किये जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी , लेकिन भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह जो की पैराशूट अध्यक्ष हैं, जिन्होंने जमीनी स्तर पर कभी काम नहीं किया है, इसलिए उन्हें भाजपा शासनकाल में लिए गए प्रमुख निर्णयों की जानकारी नहीं है, वह केवल प्रशासन की ओर से तैयार की गई स्क्रिप्ट मीडिया के सामने पढ़ते हैं। इसके पहले भी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशासनिक अधिकारियों के बचाव में मैदान में उतरे हैं ,जनहित मुद्दों को लेकर जनता के लिए काम करने की जगह प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ की कठपुतली बन कर रह गये हैं, उन्हें प्रशासन की एजेंट की तरह काम करने की जगह जनता के हित में काम करने चाहिए द्व निगम महापौर ने भाजपा अध्यक्ष पर सवाल करते हुए कहा के क्या डॉ. राजीव सिंह ने झगरहा क्षेत्र में जमीन खरीद रखा है, इसलिए प्रशासन की वकालत कर रहें हैं कही ऐसा तो नहीं प्रशासन ने उन्हें झगरहा में जमीन देने का वादा कर दिया हो । आखिर ऐसी क्या वजह है कि जब कभी भी प्रशासनिक अधिकारियों की जनविरोधी कार्यो का विरोध किया जाता है तो, भाजपा अध्यक्ष उनके साथ खड़े नजर आते हैं । महापौर राजकिशोर ने आगे बताया के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नगर निगम को 72.91 एकड़ भूमि आवंटित है इसमें 40.36 एकड़ नये ट्रांसपोर्ट नगर के लिए चिन्हित किया गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में यह शामिल है द्व एस ई सी एल, वन विभाग, पी डब्ल्यू डी समेत सभी महत्वपूर्ण विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल चूकें है। इसके अलावा आम ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति मंगाकर उनका निराकरण भी कराया जा चुका है। अब इन सब कार्यों के पूर्ण होने के बाद प्रशासन द्वारा बरबसपुर में ट्रांसपोर्ट नगर को बनाए जाने को लेकर अड़ंगा क्यों लगाया जा रहा , यह तो समझ से परे है।

# प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय धरना आज

- संवाददाता -
सूरजपुर, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सोमवार को रंग मंच मैदान में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोशिएशन जिला सूरजपुर के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया जाएगा द्य जिले के समस्त निजी विद्यालयों की निःशुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं की प्रतिपूर्ति राशि पिछले 3 वर्षों से लंबित है जिसके भुगतान है तो निजी विद्यालयों की संगठन प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोशिएशन सूरजपुर के द्वारा पिछले 1 वर्षों से निरंतर प्रयास किया जाता रहा द्य इस संबंध में कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के संभाग संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी को लगातार अवगत कराया गया लेकिन कहीं से कोई निराकरण होता नहीं दिख रहा हैद्य जिसके कारण संगठन के द्वारा। जिले के समस्त निजी विद्यालय के संचालक व विद्यालय मे कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं के साथ शांतिपूर्ण ढंग से 1 दिवसीय धरना पर बैठने का निर्णय लिया गया है।




# कोरबा के जंगलों में विचरण कर रहे 25 हाथियों का दल पर वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही मुनादी

- संवाददाता -
कोरबा, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज में 25 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसकी देर शाम कुदमुरा वन परिक्षेत्र की ओर जाने की खबर है। ग्राम पंचायत पसरखेत, मदनपुर, कोल्गद्व एवं धौराभाठा के जंगल में हाथियों की होने की जानकारी के बाद वन अमला हरकत में आया और लगातार हाथियों पर नजर रखी जा रही है। वन कर्मियों हाथियों के नजदीक नहीं जाने की सलाह ग्रामीणों को दे रहे हैं। साथ ही हाथी मित्र दल और वनकर्मियों के मदद से हाथियों की मूवमेंट पर नजर रखद्व जा रहद्व है। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके की बिजली भी बंद की गई थी जिससे हाथियों को नुकसान न पहुंचे। हालांकि देर रात बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कर दी गई,लेकिन वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी की जा रही है और ग्रामीणों को देर रात घरों से बाहर नहीं निकलने की हिदायत भी दी जा रही है। क्षेत्र में हाथियों के होने ग्रामीणों में भय व्याप्त है। फिलहाल वन कर्मियों द्वारा 25 हाथियों के दल द्वारा फसलों या किसी भी तरह के नुकसान किए जाने से किया गया है इनकार।



# रामदेव ज्वेलर्स के संचालक अजय सोनी की माता शांति सोनी का निधन

- संवाददाता -
रामानुजगंज 11 दिसम्बर 2022 (घटती घटना)



नगर के रामदेव ज्वेलर्स के संचालक अजय कुमार सोनी की माता 84 वर्षीय शांति सोनी का रविवार सुबह 10ः30 बजे के लगभग घर पर ही निधन हो गया। बताया जा रहा है कि सुबह नित्य क्रिया से निवृत्त होने के बाद उन्होंने अपने दिनचर्या के अनुसार पूजा पाठ के उपरांत नाश्ता अभी करने के बाद स्थानीय हॉस्पिटल में फेफड़ों में संक्रमण का जांच कराने के लिए जाना था कि उसी दरमियान उनका निधन हो गया। उनके सबसे छोटे लड़के रंजीत कुमार सोनी चुकी दिल्ली में रहते हैं तो उनके आने के बाद ही उनका अंतिम संस्कार 12 दिसंबर 20 22 को सुबह 10ः30 बजे स्थानीय शिव घाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने पूरे परिवार सहित आम जनों का आना जाना लगा रहा।

# छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा को भूपेश सरकार ने सहेजा हैःकमरो




## » जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022-23 कार्यक्रम का रंगारंग आगाज

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रदेश की संस्कृति को पुनर्जीवित कर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परम्परा को सहेजा है। जीवन में पढ़ाई के साथ खेल का अहम महत्व है। खेल से मान-सम्मान के साथ तन व मन दोनों स्वस्थ्य रहता है। उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर- सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022-23 कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कही। अतिथि विधायक कमरो, नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला पंचायत सदस्य ऊषा सिंह, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह एवं कलेक्टर पीएस ध्रुव के द्वारा स्वामी विवेकानंद व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राज्यगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, सयुंक्त कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, एसडीएम अभिषेक कुमार, सीएमएचओ डॉ. सुरेश तिवारी, खेल अधिकारी एमएल भगत, सीईओ देहारी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं व खेलप्रेमी दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। युवा महोत्सव में स्थानीय लोकप्रिय खेल गतिविधियां, लोक गीत, लोक नृत्य, वाद्य यंत्र, क्विज, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, परंपरागत वेशभूषा, चित्रकला, पाककला सहित लगभग 450 प्रतिभागियों के बीच 38 विधायों से सम्बंधित खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधायक कमरो व कलेक्टर ने प्रतिभागियों के साथ खेली कबड्डी- सामाजिक अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम हो या फिर खेल गतिविधियां सभी कार्यक्रमों में शामिल होने वाले ऊर्जावान विधायक गुलाब कमरो अपनी अमिट छाप अवश्य छोड़ते हैं। शनिवार को मनेंद्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विधायक गुलाब कमरो व मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पीएस ध्रुव मैदान में प्रतिभागियों के साथ कबड्डी खेलने के लिए उतरे तो प्रतिभागी खिलाड़ियों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। विधायक व कलेक्टर ने प्रतिभागियों के साथ कबड्डी खेल कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेलभावना के साथ खेलने तथा अपनी प्रतिभा से क्षेत्र व अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# रामानुजगंज के युवा रितेश कुशवाहा सायकिल से निकले भारत भ्रमण यात्रा पर




बलरामपुर/रामानुजगंज, 11 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुरः जिले के रामानुजगंज वार्ड 01 निवासी उमेश कुशवाहा आज शनिवार से सायकिल से ही भारत भ्रमण यात्रा पर निकले. रितेश रामानुजगंज के पहले युवा हैं जो सायकिल से भारत भ्रमण यात्रा पर निकले हैं.

रामानुजगंज के वार्ड 01 निवासी 23 वर्षीय युवा रितेश कुशवाहा अपने बुलंद हौसले के दम पर सायकिल से आज शनिवार 10 दिसंबर से भारत भ्रमण यात्रा पर निकले हैं. इतने विशाल और समृद्ध भारत देश घुमना आप में ही बड़ी बात है. नगर के लरंगसाय चौक से आज 11 बजे सायकिल से रितेश कुशवाहा निकले हैं स्थानीय लोगों ने युवा के हौंसले को देखते हुए थोड़ी-बहुत आर्थिक मदद भी की. रितेश के साथ सेल्फी लेने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं का हुजुम लरंगसाय चौक पर उमड़ा रहा.

### स्थानीय लोगों ने भी की मदद

23 वर्षीय युवा के जोश और जुनून को देखते हुए नगर के स्थानीय लोगों ने अपनी तरफ से थोड़ी-बहुत आर्थिक मदद भी की. इस यात्रा के शुरू होने के दौरान लरंगसाय चौक पर भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे.

### सेल्फी लेने उमड़ी भीड़

नगर के लरंगसाय चौक पर आज सुबह रितेश के साथ सेल्फी लेने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. नगर के लोगों ने जमकर सेल्फी ली. इस दौरान स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला.



### पार्षद और SDM ने भी बढ़ाया हौंसला

वार्ड 01 पार्षद उमेश सिंह गहरवार और रामानुजगंज अनुविभागीय स्छरू गौतम सिंह ने सायकिल यात्रा पर निकल रहे रितेश कुशवाहा का हौंसला अफजाई किया. भारत भ्रमण के दौरान रास्ते में किसी तरह की दिक्कत होने पर सुचना देने की बात कही.

CMYK

# इशान के दमदार प्रदर्शन के बाद धवन का भविष्य अधर में

**ढाका,11 दिसम्बर 2022।** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में इशान किशन दोहरा शतक लगाकर सलामी बल्लेबाज के तौर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरे है और भारतीय टीम की नयी चयन समिति के गठन के बाद पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के भविष्य को लेकर चर्चा की जायेगी। धवन ने अपने पिछले नौ वनडे में से आठ में बुरी तरह संघर्ष किया है। दिल्ली का यह बाएं हाथ का बल्लेबाज पावर प्ले के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी कर रहा है जो टीम के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। टी20 के युग में शुभमन गिल और इशान की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने पिछले कुछ समय से धवन फीके नजर आये है।

बांग्लादेश में एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद बीसीसीआई टीम के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक करेगा। इसमें मुख्य कोच द्रविड़ और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ भविष्य के खाके पर चर्चा होगी। पीटीआई-ने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र के हवाले रिपोर्ट किया था कि अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की प्रक्रिया अगले साल से शुरू होगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' शिखर के भविष्य पर फैसला नयी चयन समिति के गठन के बाद ही होगा. लेकिन इस मामले में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के विचारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।''



धवन के साथ सबसे बड़ी समस्या यह आ रही कि वह पारी की शुरुआत में तेजी से रन नहीं बना पा रहे है। 2019 विश्व कप से पहले उनका स्ट्राइक रेट 100 से अधिक का हुआ करता था जबकि 2022 में उनका स्ट्राइक रेट 75 का है। इशान किशन के दोहरे शतक और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने टीम को वह आक्रामक रवैया दिया जिसकी उसे जरूरत थी। उनकी इस पारी के बाद टीम प्रबंधन चयन मामलों पर विचार करने पर मजबूर होगा। ऐसे खिलाड़ी को बाहर करना आसान नहीं है जिसने 167 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह मौजूदा टीम में रोहित (9454) और विराट कोहली (12471) के बाद भारत के तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उनके नाम इस प्रारूप में 6793 रन दर्ज हैं।

इस मामले में दूसरा विचार यह है कि धवन को श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में कम से कम छह एकदिवसीय मैचों में मौका दिया जाना चाहिये और फिर प्रदर्शन के आधार पर मार्च के अंत में होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पर फैसला किया जाना चाहिये। इस मामले में शुभमन गिल को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। गिल पिछले छह महीने में भारत के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले एकदिवसीय बल्लेबाज रहे हैं। कुछ अजीब कारणों से चेतन शर्मा की अगुवाई वाली निवर्तमान समिति ने गिल को बांग्लादेश वनडे से आराम देने का फैसला किया। वह टी20 एशिया कप या विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं थे इसके इसके बावजूद इस युवा बल्लेबाज को विश्राम देने का फैसला समझ से परे रहा। जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट के बाद भारत ने लंबे प्रारूप का कोई मैच भी नहीं खेला है। जब गिल और किशन जैसे बल्लेबाज टीम में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हों तो उन्हें ज्यादा देर तक बाहर रखना मुश्किल होगा। टीम को धवन, रोहित और कोहली जैसे उम्रदराज खिलाड़ियों को एक ही एकदिवसीय एकादश रखने का खामियाजा उठाना पड़ रहा है। यह वैसे ही है जैसे रोहित, लोकेश राहुल और कोहली टी 20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष तीन के बल्लेबाज हैं। कोहली पिछले कुछ समय से आक्रामक बल्लेबाजी की जगह एक छोर संभाले रखने को पसंद कर रहे हैं। ऐसे में दूसरे छोर के बल्लेबाज पर तेजी से रन बनाने का दबाव रहता है। पिछले कुछ समय से रोहित भी आक्रामक बल्लेबाजी करने में विफल रहे है। धवन के लिए एक और समस्या यह है कि वह सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप में खेल रहे है।

# चयन न होने से भावुक हुआ ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाला यह बल्लेबाज

### लिखा डियर क्रिकेट एक और मौका दो

**नई दिल्ली,11 दिसम्बर 2022।** कर्नाटक के बल्लेबाज करुण नायर टीम में चयन न होने से काफी दुखी हैं। वह अपना क्रिकेट करियर फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल रहा है।

करुण नायर उस वक्त सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने 2016 में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में 303 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने यह पारी इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में खेली थी। वह वीरेंद्र सहवाग के बाद भारत के दूसरे तिहरे शतकधारी बने थे।

उस वक्त उन्हें भविष्य का स्टार कहा जा रहा था, लेकिन मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार नाकामी से उन्होंने टेस्ट टीम में अपना स्थान गंवा दिया और उसके बाद से भारत के लिए फिर कभी नहीं खेल पाए।

अब जब वह वापसी करना चाह रहे हैं तो उन्हें रणजी टीम में भी मौका नहीं मिल रहा है। टीम में चयन न होने से दुखी नायर ने ट्वीटर पोस्ट के माध्यम से अपनी



निराशा व्यक्त की है। उन्होंने लिखा है कि %डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो%

नायर का यह ट्वीट कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सर्विसेस और पुडुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी टीम घोषित करने के एक दिन बाद आया है। इस टीम में उन्हें मौका नहीं मिला।

31 साल के इस बल्लेबाज ने अगस्त 2022 में कर्नाटक प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने 12 मैच में 23.36 की औसत से 257 रन बनाए थे। नायर के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने केवल 6 टेस्ट मैच और 2 वनडे खेले हैं। वनडे में उनका सर्वाधिक स्कोर 39 जबकि टेस्ट में नाबाद 303 रन है।

अभी हाल ही में जयदेव उनादकट को 12 साल के लंबे इंतजार के बाद टीम इंडिया के लिए बुलावा आया है। इसलिए नायर को निराश होने की जगह अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए। यदि उनादकट की मेहनत इतने साल बाद रंग ला सकती है तो अगर वह लगातार अच्छा करें तो उनकी भी वापसी हो सकती है।




# विश्व कप को लेकर कोलकाता में उत्साह चरम पर

**9,000 से ज्यादा फुटबॉल प्रशंसक कतर पहुंचे**

**कोलकाता ,11 दिसम्बर 2022।** फीफा विश्व कप को लेकर इस शहर में उत्साह चरम पर हैं और इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चार साल में एक बार होने वाले इस वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का लुत्फ उठाने के लिए यहां के लगभग 9000 प्रशंसक कतर पहुंच चुके हैं। ब्राजील और पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमों के विश्व कप से बाहर होने के बाद भी प्रशंसक सेमीफाइनल और फाइनल से पूर्व कतर के लिए टिकट, आवास की उपलब्धता और यात्रा पैकेज के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' के अनिल पंजाबी ने कहा, '' लगभग 10,000-12,000 फुटबॉल प्रशंसकों ने अब तक पूर्वी भारत से कतर की यात्रा की है, जिसमें कोलकाता के करीब 9,000 लोग शामिल हैं। लोग अभी भी सेमीफाइनल और फाइनल के लिए वहां जाने को लेकर बहुत उत्सुक हैं। हमें उम्मीद है कि सिर्फ कोलकाता से कम से कम 1,500 और लोग अभी इस अरब देश में जायेंगे।

# हेंडरसन ने पद छोड़ने का फैसला लिया

### बेयर्ड होंगे अगले अध्यक्ष

**मेलबर्न ,11 दिसम्बर 2022।** लाचलान हेंडरसन ने रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चेयरमैन का पद छोड़ने का फैसला किया। न्यू साउथ वेल्स के पूर्व प्रधानमंत्री माइक बेयर्ड अगले साल उनकी जगह यह पद संभालेंगे। हेंडरसन ने कहा कि वह इस शीर्ष पद को समय देने में असमर्थ हैं क्योंकि हाल में उन्होंने पर्थ में स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने वाली कंपनी एचबीएफ के सीईओ का पद संभाला था।





हेंडरसन ने क्रिकेट.काम.एयू से कहा,'' मैंने हाल में अपने गृहनगर पर्थ में नई जिम्मेदारी संभाली है और ऐसे में मेरे लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष पद को उचित समय देना मुश्किल हो रहा है इसलिए मैंने फैसला किया कि यह भूमिका किसी अन्य को सौंपने का यह सही समय है।'' हेंडरसन ने अर्ल एडिंग्स के त्यागपत्र के बाद इस साल फरवरी में अंतरिम अध्यक्ष रिचर्ड फ्रीडेंस्टीन से बागडोर संभाली थी।वर्तमान में बोर्ड के सदस्य बेयर्ड को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सभी निदेशकों और प्रांतीय प्रमुखों का समर्थन मिला है। वह अगले साल फरवरी में अपना पद संभालेंगे। वह 18 महीनों से भी कम समय में यह पद संभालने वाले चौथे व्यक्ति होंगे। बेयर्ड अभी 54 साल के हैं। वह 2014 से 2017 तक न्यू साउथ वेल्स के प्रधानमंत्री रहे। वह 2020 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड से जुड़े थे।

# रोनाल्डो का सपना हुआ चकनाचूर

**मोरक्को ने क्वॉर्टर फाइनल में पुर्तगाल को दी मात**

**दोहा ,11 दिसम्बर 2022।** फीफा विश्वकप का रोमांच अब अपने चरम पर पहुंच गया है। इस बार विश्वकप में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं। खासकर मोरक्को की टीम ने अपने प्रदर्शन से पूरे फुटबॉल जगत को हैरानी में डाल दिया। मोरक्को की टीम ग्रुप स्टेज मैचों से बड़ी-बड़ी टीमों अपना शिकार बना रही हैं। अब उन्होंने ब्राज़ील और पुर्तगाल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जहां उसका मुकाबला पिछली बार की चैंपियन फ्रांस से होगा। दरअसल वर्ल्ड कप के तीसरे क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के सामने मोरक्को की टीम थी। मोरक्को ने पुर्तगाल को इस मैच में 1-0 से हरा दिया।

दुनिया के महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस हार के बाद ग़मगीन नज़र आए। ये उनका अंतिम फीफा विश्वकप माना जा रहा था। इस बार उनकी टीम शानदार फॉर्म में दिखाई दे रही थी। लेकिन मोरक्को ने ब्राज़ील की तरह पुर्तगाल को भी अपना शिकार बना लिया। पांच विश्व कप में गोल दागने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का यह आखिर विश्वकप था, लेकिन इसमें भी वो अपनी टीम को खिताब नहीं जीता पाए। इस मैच में भी पुर्तगाल ने सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रोनाल्डो को अपनी अंतिम एकादश में जगह नहीं दी।

### बीसीसीआई को लेकर फिर तिलमिलाए पीसीबीअध्यक्ष रमीज राजा

# भारत के बिना भी हमारी क्रिकेट चल रही है

**मुल्तान ,11 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने बीसीसीआई पर नए सिरे से प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय टीम हमारे साथ नहीं खेल रही है तो कोई बड़ी बात नहीं है। उनके बिना भी हमारी क्रिकेट चल रही है। उन्होंने इस बात को फिर से दोहराया कि अगर पाकिस्तान को 2023 में एशिया कप की मेजबानी के अवसर से वंचित किया जाता है, तो पाकिस्तान अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप का बहिष्कार कर सकता है।

दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच तनाव अक्तूबर में शुरू हुआ था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने खुलासा था किया कि टीम इंडिया एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। वह एशियन क्रिकेट काउंसिल (ßष्ट) के प्रमुख भी हैं। जय शाह ने यह भी कहा था कि टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद पीसीबी ने अगले साल एशिया कप के बाद होने वाले वनडे विश्व कप से हटने की धमकी दी। रमीज राजा ने शनिवार को स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, ÷हम



वास्तव में इस बात को लेकर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, लेकिन प्रशंसक चाहते हैं कि हम प्रतिक्रिया दें। भारत-पाकिस्तान के बारे में भारत की जो कहानी रही है, उससे प्रशंसकों को दुख हुआ है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल अथर्टन के साथ बातचीत में राजा ने बीसीसीआई के रुख को अनुचित बताया और कहा कि पीसीबी एशिया कप के लिए स्थान में बदलाव का विरोध करेगा।

पीसीबी चेयरमैन ने कहा, ÷मुझे लगता है कि सरकार की एक नीति है और मुझे नहीं पता कि वे आएंगे या नहीं। एशिया कप प्रशंसकों के लिए बहुत मायने रखता है।÷ पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर का यह मानना भी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को फिर से शुरू करना चाहिए। हम भारत में जाकर खेलना चाहते हैं और उन्हें भी पाकिस्तान आना चाहिए। रमीज राजा ने कहा, ÷हम भारत के बिना कई सालों से खेल रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान ने अर्थव्यवस्था के पैमाने को आंतरिक रूप से देखा है और किसी तरह बहुत अच्छी तरह से जीवित रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर जोनासेन चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हो गए

**मुंबई ,11 दिसम्बर 2022।** ऑस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद रविवार को भारत के शेष दौरे के लिए शासन करना पड़ा।

बाएं हाथ का यह स्पिनर स्वदेश स्वदेश क्वींसलैंड लौट आया है, ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में लेग स्पिनर अमांडा-जेड वेलिंगटन को शामिल किया जाएगा, जिनके भारत आने की उम्मीद है और तीसरे से पहले मंगलवार को टूरिंग पार्टी से जुड़ेंगे। जोनासेन ने शुक्रवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट की जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव किया। ऑस्ट्रेलिया टीम के फिजियोथेरेपिस्ट केट बेरवर्थ ने कहा, ÷उसका मूल्यांकन किया गया है और यह स्पष्ट है कि इस श्रृंखला के दौरान वापसी के लिए आवश्यक समय सीमा बहुत कम है।÷ उन्होंने कहा, ÷जेस श्रृंखला के शेष समय के लिए उपलब्ध नहीं होंगी और अपने रिहैबिलिटेशन को जारी रखने के लिए ब्रिसबेन लौटेंगी।÷

इस चोट के कारण जोनासेन को पाकिस्तान के खिलाफ घर में जनवरी में होने वाली



वनडे और टी20 सीरीज या फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप से बाहर होने की उम्मीद नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी टूर्नामेंट से पहले अपने विकल्पों का आकलन करने के उद्देश्य से, जोनासेन के प्रतिस्थापन वेलिंगटन को मूल टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाजी विकल्पों के साथ समूह को ढेर करने का विकल्प चुना।

25 वर्षीय ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के भारत के पिछले दौरे के बाद से कोई टी20ई नहीं खेला है, लेकिन अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों की टीम का सदस्य था। उन्होंने मार्च में न्यूजीलैंड में 50 ओवर के विश्व कप के दौरान दो एक दिवसीय मैच भी खेले। इस बीच, डार्सी ब्राउन के पास डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में वापसी का मौका है।

19 वर्षीय तेज गेंदबाज बीमारी के कारण भारत आने के बाद से प्रशिक्षण नहीं ले पा रही थी, शुरुआती गेम से बाहर हो गई। लेकिन ब्राउन को उस मैच के तुरंत बाद एक अभ्यास विकेट पर अपने पेस के माध्यम से रखा गया था, और शनिवार के विकल्प प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।



# पुष्पाःद रूल की शूटिंग शुरू, 17 दिसंबर को आएगी पहली झलक

साउथ फिल्म पुष्पाः द राइज के बाद अब दर्शक फिल्म के दूसरे पार्ट पुष्पाः द रूल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जल्द ही इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि फिल्म के निर्देशक सुकुमार 12 दिसंबर से पुष्पाः द रूल पर फिर से काम शुरू कर देंगे।

टीम ने पिछले महीने अल्लू अर्जुन के साथ कुछ सीन्स शूट किए थे, जिसकी कुछ झलकियां पुष्पाः द राइज के एक साल पूरे होने पर यानी 17 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा की जाएंगी। वहीं फिल्म की रिलीज डेट की बात करें तो पुष्पा का दूसरा पार्ट साल 2024 में आएगा। कहा जा रहा है कि दूसरे पार्ट को पहले पार्ट से भी बेहतर बनाने के लिए निर्देशक पूरा समय लेना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पाः द रूल के निर्देशक फिल्म में राम चरण का धमाकेदार कैमियो प्लान कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि निर्देशक फिल्म में राम की एंट्री अपनी पिछली फिल्म रंगास्थलम के किरदार चिट्टी बाबू के जरिए कराने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि बड़े पर्दे पर अल्लू और राम की जोड़ी के जरिए फिल्म निर्देशक अपना एक अलग यूनिवर्स रचने की कोशिश कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुष्पाः द रूल में अभिनेता सज्जाद डेलाफरूज की भी एंट्री होने वाली है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म में विलेन बन अल्लू के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। बता दें कि सज्जाद ने फिल्म टाइगर जिंदा है में उस्मान नाम के विलेन की भूमिका निभाई थी। अभिनेता नीरज पांडे की हिट वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स और कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म फ्रेडी में दिखाई दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक पुष्पाः द राइज ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 267.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 350.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अलग-अलग भाषा में हुई कमाई की बात करें तो पुष्पाः द राइज ने तेलुगू में 136.43 करोड़, हिंदी में 106.35 करोड़, तमिल में 15.74 करोड़ और मलयालम में 9.03 करोड़ का कलेक्शन किया था



# 'रेड' में अपनी त्रिपक्षीय भूमिका के बारे में स्पष्ट हैं पायल घोष

'साथ निभाना साथिया' की अभिनेत्री पायल घोष ने अपनी आगामी फिल्म 'रेड' के बारे में बात की, जिसमें कृष्णा अभिषेक भी हैं। उन्होंने कहा, 'रेड' एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है और मैं भूमिका के 3 रंग निभाती हूंः एक कॉलेज गर्ल, एक पत्नी और एक अनुरक्षक। यह वास्तव में मेरे लिए रोमांचक था। पायल ने आगे बताया कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली, निर्माता राजीव चौधरी ने मुझे फिल्म 'रेड' में एक भूमिका की पेशकश की और मैं वास्तव में अवाक रह गई।

अद्भुत पटकथा सुनने के बाद, मैं वास्तव में उत्सुक थी और भूमिका के लिए हां कहा। चूंकि मेरी भूमिका मेरे द्वारा की गई भूमिकाओं से थोड़ी अलग थी, इसने मुझे दिलचस्पी दी और बाकी निश्चित रूप से इतिहास है।कृष्णा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, पायल ने खुलासा किया, उनके साथ काम करना बहुत प्यारा था क्योंकि वह बेहद चंचल, खुशमिजाज और सहयोगी सह-कलाकार हैं।हमारी पूरी यूनिट बहुत अच्छी थी और ऐसा कभी नहीं लगा कि मैं काम कर रही हूं। जिस तरह से फिल्म ने आकार लिया है उससे हम बहुत खुश हैं और यह बहुत ही आशाजनक लग रहा है। जिन लोगों ने पहला कट देखा है वे चकित हैं और मुझे बहुत सराहना मिल रही है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे पसंद करेंगे। मैं वास्तव में रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में शक्ति कपूर भी हैं।













C M Y K

# फ्लाई ऐश को लेकर कई अधिकारियों को हाई कोर्ट की नोटिस

» अपनी साख बचाने प्रशासन ने बालको प्रबंधन को भेजा नोटिस

» बिजली कारखानों का फ्लाई ऐश कोरबा में बना राजनीति का मुद्दा





**बिलासपुर/कोरबा,11 दिसम्बर 2022(ए)।** दो दिन पहले ही राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा जिले में यहां-वहां फ्लाई ऐश फेंके जाने पर अधिकारियों को आड़े हाथ लिया था, इसी बीच फ्लाई ऐश से परेशान एक नागरिक की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने कोरबा कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी सहित 6 विभागों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

बालको क्षेत्र के झगरहा ग्राम के मृगेश यादव ने अधिवक्ता नुपूर त्रिवेदी के जरिये दाखिल याचिका में बताया है कि क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। फ्लाई ऐश से भरे वाहनों की आवाजाही से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यहां के पावर प्लांट से निकलने वाला राखड़ सड़कों पर डंप कर दिया जाता है, जिससे प्रदूषण फैलने के साथ दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इसके अलावा ग्राम में फ्लाई एश भरे मालवाहकों को तौलने के लिए धर्मकांटा लगा देने के कारण समस्या और बढ़ गई है।

### फ्लाई ऐश को लेकर बालको को प्रशासन का नोटिस

बालको के बिजली कारखाने से राख लेकर ट्रकों से कहीं भी फेंकें जाने की शिकायत लगभग 2 साल से की जा रही है, मगर बालको प्रबंधन को इस मसले को लेकर चेतावनी भरा नोटिस अब भेजा गया है। एक दिन पहले ही जब राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को आड़े हाथ लिया तब जाकर जिले के पर्यावरण संरक्षण अधिकारी शैलेष पिस्दा ने बालको प्लांट के डिप्टी ष्टहृ देवेंद्र पटेल को नोटिस जारी किया है। इसमें उल्लेख है कि प्रबंधन द्वारा भिलाई खुर्द के लो लाइन एरिया में जिस तरह राख फेंकी गई है, वो भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाईन का उल्लंघन है। नोटिस का जवाब 3 दिनों के भीतर देने की बात कहते हुए प्रबंधन को प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### कांग्रेस-भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप

कोरबा में फ्लाई ऐश और प्रस्तावित टीपी नगर के मुद्दे को लेकर मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा नाराजगी जताये जाने के बाद कांग्रेस-भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रस्तावित टीपी नगर के आसपास मंत्री के मित्रों और रिश्तेदारों की जमीन है, इसलिए वे बरबसपुर में ही टीपी नगर बनाने में रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में राखड़ डंपिंग की जा रही है, उस क्षेत्र में संबंधित विभाग के द्वारा 74 एकड़ के आसपास जमीन राखड़ डंपिंग हेतु ही आबंटित की गई है और इसी जमीन में से 42 एकड़ जमीन पर नया ट्रांसपोर्ट नगर प्रस्तावित है, जबकि असलियत यह है कि मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करीबी पार्षद एवं कांग्रेस के नेताओं के द्वारा ही राखड़ डंपिंग का ठेका लिया गया है और उस क्षेत्र में राखड़ डंपिंग करवाई जा रही है ।

उधर कोरबा महापौर और मंत्री के खासम-खास राज किशोर प्रसाद ने प्रेस वार्ता लेकर आरोप लगा दिया कि भाजपा के जिलाध्यक्ष कोरबा जिला प्रशासन के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। वहीं फ्लाई ऐश के मुद्दे पर महापौर ने कहा कि यह समस्या पिछले कई सालों से है और हमने कई बार प्लांटों को नोटिस भेजकर कार्रवाई की है।

बहरहाल प्रशासन को फटकार और भाजपा-कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप के बीच अगर जिले में कहीं भी पावर प्लांटों की राख यहां-वहां फेंके जाने की मनमानी पर रोक लग जाये तो इससे जिले के नागरिकों का भला ही होगा और उन्हें फ्लाई ऐश की राख से मुक्ति तो मिलेगी।

# वंदे भारत के कार्यक्रमों का कांग्रेस विधायकों ने किया बहिष्कार

### रेल मंत्री को लिखी ये चिट्ठी

**रायपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** देश की सबसे तेज चलने वाली वंदे भारत ट्रेन आज विधिवत् रूप से नागपुर से बिलासपुर शुरू हो रही है। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विधायकों को विभिन्न स्टेशनों में उपस्थिति दर्ज कराकर हरी झण्डी दिखाने आमंत्रित किया गया है।

जिस पर आपत्ति दर्ज करते हुए कांग्रेस विधायक एवं रेलवे में सदस्य विकास उपाध्याय ने कहा, हमें वंदे भारत ट्रेन शुरूआत करने से कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु जिस तरह से इसे आम जनता के लिए नहीं बल्कि खास के लिए चलाई जा रही है उसको लेकर आपत्ति है। केन्द्र सरकार ने इसके किराया का निर्धारण जिस तरह से किया है, उसे लेकर घोर आपत्ति है और इसी के चलते हमने तय किया है कि उक्त ट्रेन को हरी झण्डी दिखाने हम अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करायेंगे।

विधायक एवं रेलवे बोर्ड में सदस्य विकास उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र सरकार जहाँ विभिन्न लोकल एवं अन्य ट्रेनों को बन्द कर भारत की अस्मिता से स्पर्शकर्ता वंदे भारत के नाम पर ट्रेनों की शुरूआत कर आम जनता की जेब से मोटी रकम वसुलने की योजना बना रही है, वहीं उसकी कोशिश यह भी हो रही है कि सामान्य व्यक्ति उक्त ट्रेन के आवागमन में लाभ न लें सके।



### किराया वृद्धि में संशोधन की अपील

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि निश्चित रूप से भारत की रेल व्यवस्था में उत्तरोत्तर सुधार के साथ नये जमाने के अनुसार ट्रेनों की शुरूआत होनी चाहिए। परन्तु इसका मतलब यह नहीं कि उसे पूरी तरह से आम जनता पर बोझ के रूप में डाल उन्हें उससे वंचित किया जाये। उन्होंने कहा, वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत छत्तीसगढ़ से नागपुर तक चलाये जाने का वे स्वागत करते हैं, परन्तु जिस तरह से इसके किराया में 40 प्रतिशत से भी ज्यादा की बढ़ोत्तरी की गई है, उस पर हम कड़ी आपत्ति दर्ज करते हैं।

गौरतलब हो कि आज वंदे भारत ट्रेन नागपुर से रवाना होकर बिलासपुर पहुँचेगी। इस बीच छत्तीसगढ़ की सीमा पर पहुँचने के पश्चात् विभिन्न स्टेशनों में कांग्रेस विधायकों को उपस्थित होकर हरी झण्डी दिखाने आमंत्रित किया गया है। रायपुर के सरस्वती नगर में विधायक विकास उपाध्याय, रेलवे मुख्य स्टेशन में वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं कुलदीप जुनेजा के साथ ही बिलासपुर में विधायक शैलेष पाण्डेय को इस तरह का आमंत्रण मिला है।

जिन्होंने सामूहिक तौर पर इसका बहिष्कार किया है एवं रेलवे बोर्ड में सदस्य विकास उपाध्याय ने केन्द्रीय रेल मंत्री एवं केन्द्रीय रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि वे बेतहाशा उक्त ट्रेन के किराया वृद्धि में संशोधन कर मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर किराया तय करें।

### रेल मंत्री को किया आग्रह

विकास उपाध्याय ने अपने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ का एक बड़ा भाग महाराष्ट्र की ओर सफर कर व्यावसायिक एवं अन्य दृष्टिकोण से अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। वंदे भारत ट्रेन को भी रेलवे विभाग को छत्तीसगढ़ से 70 से 80 प्रतिशत का मुनाफा होना है, ऐसे में इस ट्रेन के किराया में वृद्धि कर यहाँ के लोगों को उक्त ट्रेन में सफर करने से वंचित करना जैसा है और वह तब जब अन्य सामान्य ट्रेनें बन्द की स्थिति में हैं। उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री एवं मातहत केन्द्रीय रेल अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस बात पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए वंदे भारत ट्रेन का ऐसा किराया तय करें, कि आम जनता भी इस रेल में आसानी से सफर कर सकें।

# ऋचा जोगी की मुश्किलें बढ़ीं

**पुलिस अब इन धाराओं के तहत दर्ज की एफआईआर**

**मुंगेली ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री की बहू और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी की पत्नी की ऋचा जोगी की मुश्किले बढ़ती जा रही हैं। मुंगेली पुलिस ने ऋचा जोगी के फर्जी जाति प्रकरण में अब धोखाधड़ी की धारा 420 भी जोड़ दिया हैं।

कोतवाली थाना में इस धारा के बढ़ाये जाने के बाद कही ना कही ऋचा जोगी की मुश्किले कम होने की जगह अब बढ़ती जा रही हैं। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व.अजीत जोगी की बहू ऋचा जोगी के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसता नजर आ रहा हैं।



### एफआईआर के बाद पुलिस की जांच जारी

गौरतलब हैं कि इससे पहले नवंबर महीने में मुंगेली पुलिस ने ऋचा जोगी फर्जी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण में सामाजिक परिस्थिति प्रमाणीकरण अधिनियम 2013 की धारा 10 के तहत एफआईआर दर्ज किया था। मुंगेली सिटी कोतवाली में दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस की जांच जारी थी।

जिसके बाद इस प्रकरण में गवाहों और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद पुलिस ने ऋचा जोगी के खिलाफ दर्ज एफआईआर में अब धारा 420 के तहत धोखाधड़ी की धारा बढ़ा दी हैं। बताया जा रहा हैं कि पूर्व में दर्ज सामाजिक परिस्थिति प्रमाणीकरण अधिनियम 2013 की धारा 10 के तहत एफआईआर के मामले में न्यायाल में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया गया था। जिसे न्यायालय से खारिज कर दिया गया। अग्रिम जमानत याचिका के खारिज होने के बाद ही एफआईआर में धारा 420 के जुड़ने से ऋचा जोगी की मुश्किले बढ़नी लाजमी हैं। गौरतलब हैं कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे. के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी के खिलाफ सहायक आयुक्त एलआर कुर्रे की रिपोर्ट के आधार पर मुंगेली के सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि ऋचा रुपाली साधु शादी से पहले का नाम ने अवैध रूप से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनवाकर उसे उपयोग कर रही हैं। ऋचा जोगी के लिए मुंगेली के पेंड्री डी गांव से अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी हुआ था।

# आईएएस धनंजय देवांगन ने व्हीआरएस के लिए किया आवेदन

**सूचना आयोग या रेरा में मिल सकती है नियुक्ति**

**रायपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** आईएएसअधिकारी धनंजय देवांगन ने व्हीआरएस के लिए आवेदन कर दिया है। उनका 28 फरवरी को रिटायरमेंट है और इससे पहले इस्तीफे से यह चर्चा होने लगी है कि उन्हें पोस्ट रिटायरमेंट कौन सी कुर्सी मिलने वाली है।2011 बैच के प्रमोटी आईएएस धनंजय देवांगन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह, आवास एवं पर्यावरण विभाग भी है। माना जा रहा है कि उनके आवेदन पर एक-दो दिन में फैसला हो जायेगा। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि उनकी नियुक्ति सूचना आयोग या फिर रेरा में हो सकती है।








# महादेव ऐप का पैनलिस्ट नसीम गिरफ्तार

**जब्त खातों में करोड़ों के लेनदेन का खुलासा**

**दुर्ग ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** पुलिस ने सट्टा ऐप महादेव के पैनलिस्ट नसीम को गिरफ्तार करने में सफलता हसिल की है। दुर्ग स्क्र अभिषेक पल्लव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नसीम पिछले छह महीनों में 10 से अधिक पैनल बेच चुका है, और नागपुर में तीन पैनल संचालित कर रहा था।पुलिस के मुताबिक नसीम से 10 खाते बरामद किये गए हैं, जिनमें कॉर्पोरेट खाते में करोड़ों की सीधी जमा राशि का पता चला। वह दुबई स्थित महादेव ऐप के शीर्ष संचालकों के सीधे संपर्क में था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

# कांग्रेस-भाजपा को टक्कर देने दमखम के साथ छत्तीसगढ़ में उतरेगी आम आदमी पार्टी:संजीव झा

**रायपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** गुजरात व हिमाचल विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल 2023 में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए कांग्रेस और भाजपा ने पहले ही कमर कस ली है। इस बीच आम आदमी पार्टी ने भी छत्तीसगढ़ में मजबूत दमदारी का दावा किया है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी और बुराड़ी विधायक संजीव झा ने बताया कि पार्टी गुजरात चुनाव की तरह ही प्रदेश में दमखम के साथ चुनाव में उतरेगी।



आप नेता संजीव झा ने बताया टीआरपी से चर्चा के दौरान बताया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी 90 सीटों से चुनाव लड़ेगी। बता दें कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ है, इसके बाद से प्रदेश में चुनावी मुकाबले दो तरफा ही रहे हैं। मगर अब छत्तीसगढ़ की राजनीति में आम आदमी पार्टी के उतरने से यह मुकाबला त्रीकोणिय हो सकता है।

पार्टी ने 90 सीटों को ध्यान में रखते हुए संगठन में विस्तार का काम शुरू कर दिया है। पार्टी की रणनीति इस बात पर आधारित है कि राज्य के लोग कांग्रेस और भाजपा से ऊब चुके हैं, उन्हें तीसरे विकल्प की तलाश है और आम आदमी पार्टी यह कमी पूरी करेगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भले ही डेढ़ साल का वक्त बचा है। लेकिन आप ने भाजपा और कांग्रेस की तर्ज पर तेजी से तैयारी करनी शुरू कर दी है। बता दें कि काफी समय से आप के नेता भी बारी-बारी से राज्य का दौरा कर रह जमीनी नब्ज टटोलते रहे हैं।

बता दें कि प्रदेश प्रभारी संजीव झा, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान छत्तीसगढ़ दौरे पर आ चुकी हैं। इस दौरान बड़े नेताओं ने राजधानी रायपुर और बिलासपुर क्षेत्रों में रैली व सभाएं की थीं।

# सर्चिंग के दौरान कॉन्स्टेबल की ट्रेन से कटकर मौत

**बिलासपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** बिलासपुर में बम स्क्वायड के एक जवान की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी है। बता दे की जवान नागपुर से बिलासपुर तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा के लिए निकले थे। यह हादसा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर में हुआ है। सीमावर्ती के धूर नक्सल क्षेत्र सालेकसा में पुलिस अफसर और जवानों की टीम सर्चिंग कर रही थी। इसी बिच ट्रैक पर धड़धड़ाते हुए ट्रेन आ गई और जवान उसकी चपेट में आ गए । इस घटना के बाद पुलिस और रेल अफसरों में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।बता दे की आज से नागपुर से बिलासपुर तक के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत हो गयी है। वही नागपुर में मूवमेंट और देश की चर्चित और प्रतिष्ठित ट्रेन शुरू होने के कारण रेलवे अफसरों के साथ ही रेलवे सुरक्षाबल, जीआरपी के साथ ही लोकल पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। डोंगरगढ़ स्टेशन से आगे महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र सालेकसा और दारेकसा जंगली इलाका है और यह नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी है। ऐसे में यहां सुरक्षा तेज कर दी गई है। इसी बिच करीब दोपहर 12.20 बजे जवान सर्चिंग पर निकले थे तभी सामने से ट्रेन आई और वो ट्रेन की चपेट में आ गए। जवान की मौके पर ही मौत हो गयी।





# छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब की रायपुर संभागीय कार्यकारणी गठित

**कौशल विश्वकर्मा, दीपक श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, निखिल भटनागर बने कोषाध्यक्ष**

**रायपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के रायपुर संभागीय कार्यकारणी का विस्तार संभाग अध्यक्ष अनुपम वर्मा ने करते हुए दो उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व दो सह-सचिव नियुक्त किया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब संदीप तिवारी राज,प्रदेश महासचिव आशीष मिश्रा मौजूद थे। छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब रायपुर संभागीय कार्यालय में रविवार को ख़बरभूमि के प्रधान संपादक अजय दुबे का जन्मदिन भी मनाया गया और उपस्थित पत्रकारों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के आगामी योजनाओं, कार्यक्रमों व आयोजनों को लेकर चर्चा की गई।



छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के रायपुर संभाग में नव नियुक्त कार्यकारणी में कौशल विश्वकर्मा , दीपक श्रीवास्तव को संभाग उपाध्यक्ष, निखिल भटनागर को कोषाध्यक्ष व पिंकू घोष एवं पीएलएन लकी को सहसचिव नियुक्त किया गया है।संभाग अध्यक्ष अनुपम वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी साथियो के सहयोग व साथ से हम छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के संभाग के सभी जिलों में जल्द ही कार्यकारणी का विस्तार करेंगे और पत्रकार हितों के लिए बनी योजनाओं को गति देंगे।

छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के संभागीय कार्यकारणी विस्तार के अवसर पर प्रदेश मीडिया इंचार्ज प्रशांत नरवरे के साथ अब्दुल हमीद, मो. शमीम, मनदीप सिंह, हैरी बैरागी, अविनाश जॉन, भगत परिहार, हेमराज डोंगरे व अन्य साथी शामिल हुए।

# प्रोफेसर डॉ. स्मित श्रीवास्तव को मिली यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी की फैलोशिप

**रायपुर ,11 दिसम्बर 2022(ए)।** प्रोफेसर डॉ. स्मित श्रीवास्तव को नेशनल कार्डियक सोसाइटी के अध्यक्ष के नामांकन के बाद यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के नए फेलो के रूप में चुना गया है। डॉ. श्रीवास्तव को इस प्रतिष्ठित समुदाय में शामिल होने तथा कार्डियोलॉजी की भविष्य की दिशा को परिभाषित करने में मदद करने के लिए चिकित्सक जगत ने बधाइयां प्रेषित की है। एफईएससी द्वारा उन स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । समाज का मुख्य लक्ष्य हृदय रोग (सीवीडी) की रोकथाम और उन्मूलन और उसके बाद होने वाली मृत्यु दर की दिशा में काम करना है। इसका मकसद कार्डियो वैस्कुलर डिजीज के कारणों और प्रभावों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया पर्यावरण और जीवन शैली के साथ हृदय रोगों के सह-संबंध के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता के स्तर को बढ़ाने की दिशा में काम करता है। इसका वर्तमान ध्यान कार्डियो वैस्कुलर रोगों की रोकथाम की दिशा में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और उसके बाद के नए तरीकों की ओर है।




सीएसआई के आधिकारिक जर्नल, इंडिया हार्ट जर्नल की शुरुआत 1949 में कलकत्ता में हुई थी। जर्नल का नियमित प्रकाशन 1949 में डॉ. जे.सी. बनर्जी के साथ माननीय में शुरू हुआ था संपादक। बाद के वर्षों में मुंबई के डॉ. शांतिलाल जे. शाह के कुशल संपादन के तहत पत्रिका की गुणवत्ता और गेट-अप में बहुत सुधार हुआ, जो इसके माननीय बने रहे। 1971 से 1981 तक संपादक और फिर डॉ. वी. के. 2000-2005 से एम्स, नई दिल्ली के बहल। इंडियन हार्ट जर्नल ने वर्तमान में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा और मान्यता प्राप्त की है। वर्तमान में डॉ. राकेश यादव, नई दिल्ली के मानद हैं। इस प्रतिष्ठित पत्रिका के संपादक।

कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (ष्टस्ढ्ढ) इंटरनेशनल सोसाइटी एंड फेडरेशन ऑफ कार्डियोलॉजी और एशियन पैसिफिक सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी का एक सक्रिय सदस्य है और सार्क सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी भी है और यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के साथ संयुक्त रूप से काम कर रहा है। विदेशी सदस्ेयों सहित सोसायटी की वर्तमान सदस्ेयता संख्ेया लगभग चार हजार चार सौ है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)